www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

मौसम

अधिकतम तापमान 30.c

27.c न्यूनतम तापमान

बाजार

सोना 98.755g

चांदी 107,000kg

सोशल मीडिया पर भारत संवाद

https://x.com/BharatSamvad

www.facebook.com/bharatsamvad.in

www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n

E-Paper bharatsamvad.live

2 भ्रम पैदा करती भाषा नीति, हिंदी का दोहरा अपमान और अंग्रेजी का बढ़ता वर्चस्व

भूजल सप्ताह में विशेष पहल 04

वर्ष :09 | अंक :29 | मुंबई , रविवार , 20 जुलाई 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2: 00 रुपए

संक्षिप्त समाचार

## दिल्ली में मादक पदार्थ की तस्करी के आरोप में सब्जी विक्रेता गिरफ्तार

दिल्ली के आनंद विहार रेलवे स्टेशन से एक सब्जी विक्रेता को गिरफ्तार किया गया है और उसके पास से 200 ग्राम से अधिक मादक पदार्थ जब्त किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश के बदायूं निवासी राहुल नामक आरोपी को पुलिस ने 17 जुलाई को आनंद विहार रेलवे स्टेशन से सटे चौधरी चरण सिंह मार्ग के पास सर्विस रोड पर जाल बिछाकर गिरफ्तार किया था। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, राहुल की तलाशी लेने पर उसके पास से 213.5 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। उसके खिलाफ स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि राहुल उत्तर प्रदेश के बरेली से हेरोइन खरीदता था और उसे दिल्ली में अपने संपर्कों को भेजता था। पुलिस ने बताया कि वह कूरियर का काम करता था और आनंद विहार जैसे व्यस्त परिवहन केंद्रों पर नियमित यात्रियों के साथ घुल-मिल जाता था ताकि पकड़े न जा सके। अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने 12 वीं तक पढ़ाई की है और वह सब्जी बेचता है।

## अदालत ने हेरोइन की तस्करी के दोषी को 14 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई

मिजोरम के कोलासिब जिले की एक त्वरित अदालत ने मणिपुर के चुराचांदपुर निवासी 45 वर्षीय व्यक्ति को मादक पदार्थों की तस्करी के जुर्म में 14 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि न्यायाधीश आर वनलालेना की अदालत ने शुक्रवार को चुराचांदपुर के सैकोट इलाके के निवासी सेखोलेन कोंगसाई को दोषी ठहराया और 1.74 किलोग्राम हेरोइन रखने के जुर्म में उसे 14 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। उन्होंने बताया कि खोंगसाई पर एक लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है और जुमार्ना अदा न करने पर उसे छह महीने की अतिरिक्त कैद की सजा काटनी होगी। अधिकारी ने बताया कि न्यायाधीश ने पर्याप्त सबूतों के अभाव में खोंगसाई के साथ गिरफ्तार किए गए तीन सह-आरोपियों को बरी कर दिया। खोंगसाई और तीन अन्य को कोलासिब जिला पुलिस ने 21 अगस्त 2023 को कोलासिब शहर के पास थिंगडॉल गांव में मणिपुर से एक अपंजीकृत कार में हेरोइन ले जाने के आरोप में गिरफ्तार किया था। प्रारम्भ में उसके पास 1.64 किलोग्राम हेरोइन पाई गई।

# कांग्रेस दूध में नींबू निचोड़ने जैसी राजनीति करती है, उत्तराखंड का विकास कोई रोक नहीं सकता :अमित शाह

**उत्तराखंड दौरे के दौरान अमित शाह ने कांग्रेस पर कई बड़ी टिप्पणी की. इसके साथ ही उन्होंने सीएम धामी की तारीफ भी की.**

**निवेश उत्सव कार्यक्रम**

अमित शाह ने कहा कि अभी कुछ काम बाकी है, जिस दिन ये हो जाएगा उस दिन 12 महीने उत्तराखंड में पर्यटकों का तांता लगा रहेगा. धार्मिक स्थलों में रोप-वे का काम होने के बाद विश्व से पर्यटकों को खींचने का काम करेगा. सड़कों को देश की राजधानी के साथ जोड़ा जा रहा है.



**अमित शाह ने कहा कि वह ऐसे राज्य से आते है, जो इंडस्ट्रियल इन्वेस्टमेंट में बहुत आगे है. उन्हें मालूम है कि मैदानी राज्य में इन्वेस्टमेंट लाना और पहाड़ी राज्य में इन्वेस्टमेंट लाना दोनों में पहाड़ चढ़ने से ज्यादा कठिनाई होती है, लेकिन सीएम पुष्कर सिंह धामी ने सारी विपदाओं, विपरीत परिस्थितियों और परंपरागत कल्पनाओं को तोड़कर उत्तराखंड में एक लाख करोड़ की इंवेस्टमेंट जमीन पर उतारकर दिखाई, जिससे उत्तराखंड के विकास का खाका आज खींचा गया है.**

**अटल जी ने तीन राज्य उत्तराखंड, छत्तीसगढ़ और झारखंड बनाए थे : अमित शाह**

तीनों आज अपने पैरों पर खड़े होकर आगे बढ़ रहे है. उत्तराखंड को अटल जी ने बनवाया था और साल 2014 में मोदी की सरकार बनने के बाद यहां का विकास हुआ है. यानी उत्तराखंड को अटल जी ने बनवाया और पीएम मोदी संवारने का काम कर रहे हैं. आज केंद्र की सरकार हर क्षेत्र में कई रिकॉर्ड स्थापित कर रही है. अटल जी इस देश की अर्थव्यवस्था को 11 वें नंबर पर छोड़ कर गए थे और मोदी ने देश की अर्थव्यवस्था को और बड़ा बनाया है. साल 2027 तक भारत विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने जा रही है.

एजेंसी

रुद्रपुरः केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार 19 जुलाई को एक दिवसीय उत्तराखंड दौरे पर पहुंचे थे. गृह मंत्री अमित शाह ने रुद्रपुर में उत्तराखंड निवेश उत्सव कार्यक्रम में हिस्सा लिया. इस दौरान उन्होंने उत्तराखंड सीएम पुष्कर सिंह धामी की जहां जमकर तारीफ की तो वहीं कांग्रेस पर भी जमकर निशाना साधा. अमित शाह ने मंच से कौन-कौन से महत्वपूर्ण बिंदु उठाए, उन्ही पर एक नजर डालते है. उत्तराखंड से मिलती है नई ऊर्जाः अपने संबोधन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि जब भी वह उत्तराखंड में आते है तो वह यहां से नई ऊर्जा लेकर जाते हैं. चार धामों में देवी देवताओं, माता गंगा और संतों का आशीर्वाद यहां आने से ही मिल जाता है. एक और उत्तराखंड की चोटियों अध्यात्म की ओर ले जाने का काम करती है. वहीं यहां की नदिया आधे भारत को पीने का पानी देने का काम कर रही है. इतना ही नहीं यहां की नदियों के पानी से किसान खेती कर रहा है. प्रकृति और संस्कृति इसका यहां एक अनूठा संगम देखने को मिलता है. उन्होंने कहा कि वह आज उत्तराखंड के विकास उत्सव के लिए आया हैं. साल 2023 में जब ग्लोबल इन्वेस्ट समिट हुआ था, तब उन्हें बताया गया था कि तीन लाख 56 हजार करोड़ के एमओयू आए है. तब मैंने कहा था कि एमओयू लाने में पराक्रम नहीं है बल्कि एमओयू को धरातल में उतरना पराक्रम है. आज वे सीएम पुष्कर सिंह धामी और उनकी टीम को शुभकामनाएं देना चाहते है कि उन्होंने एमओयू को धरातल भी उतार कर दिखाया है. अटल जी ने बनाया मोदी जी ने संवाराः अमित शाह ने कहा कि जब यहां के लोग अलग उत्तराखंड राज्य की मांग कर रहे थे, तब कांग्रेस ने उत्तराखंड आंदोलनकारियों पर अत्याचार किए थे. उत्तराखंड को बनाने का काम भाजपा सरकार और उस समय के बीजेपी नेता व लोकप्रिय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने किया, लेकिन बाद में राज्य के विकास के पंडित चर्चा करने लगे थे कि छोटा राज्यों की कल्पना सफल होगी कि नहीं होगीउत्तराखंड का विकास कोई नहीं रोक सकता।

# मानसून सत्र पर इंडिया गठबंधन की ऑनलाइन बैठक

**विपक्षी दलों ने संसद में एकजुट रहने और सरकार को घेरने की रणनीति बनाई**

**इंडिया गठबंधन सिर्फ लोकसभा चुनाव तक था**

तेजस्वी यादव ने भी जनवरी 2025 में इंडिया गठबंधन को लेकर बड़ा बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि 'इंडिया गठबंधन सिर्फ 2024 के लोकसभा चुनाव तक के लिए बना था।' तेजस्वी यादव ने कहा था, 'यह अस्वाभाविक नहीं है कि कांग्रेस और आप जैसे दलों में मतभेद हों। गठबंधन का मुख्य उद्देश्य लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराना था, और यह गठबंधन उसी लक्ष्य तक सीमित था।'





**इंडिया गठबंधन ब्लॉक पर उमर, ममता और तेजस्वी के बयान**

ब्लॉक को बंद कर देना चाहिए: जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इसी साल जनवरी में इंडिया अलायंस खत्म करने की बात कही थी। उन्होंने कहा था, 'लोकसभा चुनाव के बाद इसकी कोई बैठक नहीं हुई है। यह गठबंधन लोकसभा चुनाव तक ही था तो इसे खत्म कर देना चाहिए। इसके पास न कोई एजेंडा है और न ही कोई लीडरशिप।'

एजेंसी

नई दिल्ली, संसद का मानसून सत्र शुरू होने से पहले शनिवार को इंडिया गठबंधन की पार्टियों ने ऑनलाइन मीटिंग की। इसमें 20 से ज्यादा दलों के नेता शामिल हुए। इस दौरान संसद में सरकार के खिलाफ एकजुट होकर मुद्दे उठाने की रणनीति बनाई गई। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी और सीपीआई (एमएल) के नेता दीपंकर भट्टाचार्य भी मौजूद थे। नेताओं ने तय किया कि संसद में वे एकजुट रहेंगे और सरकार से तीखे सवाल पूछेंगे।इधर, बैठक में बिहार में वोटर लिस्ट की जांच, पहलगाम आतंकी हमला, ऑपरेशन सिंदूर, और जस्टिस यशवंत वर्मा के घर से जली हुई नकदी मिलने के मामलों पर चर्चा हुई। साथ ही अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध रुकवाने के दावे को लेकर भी बातचीत की गई। कांग्रेस ने संसद में जम्मू-कश्मीर को फिर से राज्य बनाने, महिलाओं पर अत्याचार, बेरोजगारी, किसानों की परेशानी, देश की सुरक्षा और अहमदाबाद एयरक्रैश जैसे मुद्दे उठाने का फैसला किया है।

क्यों नहीं आएं तृणमूल और तृणमूल कांग्रेस 21 जुलाई को 'शहीद दिवस' मना रही है, इसलिए उसके नेता कोलकाता में बिजी थे। वहीं, अअढ गुजरात और दूसरे राज्यों में अपने विस्तार अभियान में जुटी है। अअढ ने कांग्रेस से कई राज्यों में सीधी लड़ाई का रास्ता चुना है और पार्टी का कहना है कि इंडिया गठबंधन सिर्फ लोकसभा चुनाव तक सीमित था।हालांकि, विपक्षी नेताओं का कहना है कि संसद में विपक्ष एकजुट रहेगा, भले ही कुछ दल बैठक में न आएं।

मौका मिला तो मैं लीड करूंगीः पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हरियाणा-महाराष्ट्र और उपचुनावों में ब्लॉक के खराब प्रदर्शन को लेकर 7 दिसंबर 2024 को नाराजगी जताई थी। उन्होंने कहा था, 'मैंने इंडिया गठबंधन बनाया। इसका नेतृत्व करने वाले इसे ठीक से नहीं चला सकते, तो मुझे मौका दें।

# असम की भाजपा सरकार बांग्ला भाषियों को धमका रही :ममता

**सीएम सरमा का जवाब- हम अपने नागरिकों से नहीं, घुसपैठियों से लड़ रहे**

ममता बनर्जी ने 16 जुलाई को भाजपा शासित राज्यों में बंगाली बोलने वाले लोगों के साथ हो रहे कथित उत्पीड़न के खिलाफ विरोध मार्च निकाला। ममता ने कहा कि बंगालियों के प्रति भाजपा के रवैये से मैं शर्मिंदा और निराश हूं। अब से मैंने तय किया है कि मैं बांग्ला में ज्यादा बोलूंगी। अगर आप मुझे डिटेंशन कैंप में रखना चाहते हैं तो रखें।

एजेंसी

कोलकाता , पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने असम की भाजपा सरकार पर राज्य में रह रहे बांग्ला भाषी लोगों को धमकाने का आरोप लगाया है ।उन्होंने शनिवार को कहा कि असम में जो लोग सभी भाषाओं और धर्मों के साथ शांति से रहना चाहते हैं, उन्हें हिमंत बिस्वा सरमा की सरकार धमका रही है। ममता ने कहा-बांग्ला भाषा देश की दूसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है, और असम में भी इसका बड़ा इस्तेमाल होता है। लेकिन जो लोग अपनी भाषा और संस्कृति का सम्मान करना चाहते हैं, उन्हें डराया जा रहा है। यह असंवैधानिक और भेदभावपूर्ण है। इसके जवाब में मुख्यमंत्री सरमा ने कहा कि असम में हम अपनी जनता से नहीं, बल्कि सीमा पार से हो रही घुसपैठ से लड़ रहे हैं। इससे असम की जनसंख्या में बड़ा बदलाव आ रहा है। कई जिलों में हिंदू अब अल्पसंख्यक बनने के कगार पर हैं सीएम सरमा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने भी घुसपैठ को बाहरी हमला माना है।



# मेक इन इंडिया असलियत में असेंबल इन इंडिया : राहुल गांधी

**हर पुर्जा विदेश से आ रहा, जबतक आत्मनिर्भर नहीं होते ये बातें सिर्फ भाषण रहेंगी**

राहुल ने पर हिंदी में एक पोस्ट में लिखा- ग्राउंड लेवल पर बदलाव और असेंबली लाइन से आगे बढ़कर ही भारत मैन्यूफैक्चरिंग पावर बन सकता है। तभी हम चीन के साथ मुकाबला कर सकेंगे।

एजेंसी



नई दिल्ली , कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को सरकार की मेक इन इंडिया पहल पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ असेंबलिंग है, प्रोडक्शन नहीं। जब तक भारत उत्पादन में आत्मनिर्भर नहीं बन जाता, रोजगार, विकास और मेक इन इंडिया की बातें सिर्फ भाषण ही रहेंगी।क्या आप जानते हैं कि भारत में बने ज्यादातर का 80% हिस्सा चीन से आता है? मेक इन इंडिया के नाम पर हम सिर्फ असेंबली कर रहे हैं- असली मैन्युफैक्चरिंग नहीं। आईफोन से लेकर तक- पुर्जे विदेश से आते हैं, हम बस जोड़ते हैं। छोटे उद्यमी निर्माण करना चाहते हैं, लेकिन न नीति है, न सपोर्ट। उल्टा, भारी टैक्स और चुने हुए कॉरपोरेट्स का एकाधिकार- जिसने देश के उद्योग को जकड़ रखा है। जब तक भारत उत्पादन में आत्मनिर्भर नहीं बनता, रोजगार, विकास और मेक इन इंडिया की बातें सिर्फ भाषण रहेंगी। जमीनी बदलाव चाहिए ताकि भारत असेंबली लाइन से निकलकर असली मैन्युफैक्चरिंग पावर बने और चीन को बराबरी की टक्कर दे सके।

# अहमदाबाद विमान हादसे पर अमेरिकी रिपोर्ट

**यूएस अधिकारियों ने की बड़ी टिप्पणी, पायलट एसोसिएशन ने भेजा नोटिस**

फेडरेशन ऑफ इंडियन पायलट्स ने वॉल स्ट्रीट जर्नल और रॉयटर्स को लीगल नोटिस भेजा है. इन्होंने आरोप लगाया है कि इन्होंने बिना तथ्यों के ही एयर इंडिया की घटना के लिए पायलट को दोषी ठहरा दिया. फेडरेशन ने कहा कि अभी भी इस घटना की जांच जारी है, फिर बिना रिपोर्ट आए ही इस तरह की रिपोर्टिंग क्यों की जा रही है.फेडरेशन के अध्यक्ष कैप्टन सीएस रंधावा ने एएनआई से कहा, श्फेडरेशन पूरी तरह से डब्लूएसजे को जिम्मेदार ठहराता है. वे अपनी तरफ से निष्कर्ष निकालते हैं और दुनिया भर में फैला देते हैं. क्या वे कोई जांच एजेंसी हैं? जब रिपोर्ट में ऐसा कुछ नहीं लिखा है तो वो कैसे खुद से नतीजे निकाल सकते हैं

एजेंसी



नई दिल्ली : अहमदाबाद विमान हादसे की वजह क्या थी, इसको लेकर किसी निष्कर्ष पर पहुंचने की जल्दीबाजी ठीक नहीं है, जांच पूरी होने के बाद ही असली कारण का पता चल सकेगा, यह कहना है कि अमेरिकी राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड (एनटीएसबी) का. एनटीएसबी ने मीडिया में चल रही अटकलों को सही नहीं माना है. इस विमान हादसे में 260 लोग मारे गए थे. घटना 12 जून को हुई थी.एनटीएसबी का बयान उस समय आया है, जब कुछ विदेशी मीडिया संस्थानों ने विमान हादसे के लिए पायलट को जिम्मेदार ठहाराया है.

# सीएम योगी ने पीएम मोदी, अमित शाह और जेपी नड्डा से की मुलाकात

**पीएमओ इंडिया के एक्स हैंडल से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ की मुलाकात के पल की कुछ तस्वीरें शेयर की गई हैं.**

सीएम योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की. साथ ही मुख्यमंत्री केंद्रीय मंत्री अमित शाह और जेपी नड्डा से भी

एजेंसी



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार, (19 जुलाई 2025) को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नई दिल्ली स्थित उनके सरकारी आवास पर पहुंचकर शिष्टाचार भेंट की है. वहीं सीएम योगी आदित्यनाथ ने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय रासायनिक, उर्वरक एवं स्वास्थ्य मंत्री जय प्रकाश नड्डा से दिनांक 19 जुलाई, 2025 को नई दिल्ली स्थित उनके सरकारी आवास पर पहुंचकर मुलाकात की. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस मुलाकात के लिए पार्टी के दोनों ही शीर्ष नेताओं का आभार जताया है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात को लेकर यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय राजनेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आज नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट कर उनका आत्मीय मार्गदर्शन प्राप्त किया. अपना बहुमूल्य समय प्रदान करने हेतु हृदयतल से आभार प्रधानमंत्री जी. वहीं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुलाकात को लेकर पीएमओ इंडिया की तरफ से ट्वीट कर जानकारी दी गई है.

# ओडिशा में बदमाशों ने नाबालिग लड़की को आग के हवाले किया

**डिप्टी सीएम ने की घटना की निंदा**

नीमापारा के बलंगा पुलिस सीमा के अंतर्गत बयाबर गांव से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है . जहां तीन अज्ञात बदमाशों ने कथित तौर पर एक नाबालिग लड़की को आग लगा दी . लड़की के हाथ, पैर और शरीर के अन्य हिस्से बुरी तरह से झुलस गए.

एजेंसी





भुवनेश्वरः ओडिशा के बालासोर छात्रा आत्मदाह त्रासदी के बाद पुरी जिले में शनिवार को बदमाशों ने एक नाबालिग लड़की को आग के हवाले कर दिया. लड़की को गंभीर हालत में एम्स भुवनेश्वर में भर्ती कराया गया है. उपमुख्यमंत्री पार्वती परिदा ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए अपराधियों को तुरंत गिरफ्तार करने के निर्देश पुलिस को दिए.

अधिकार | जम्मू-कश्मीर को लेकर बोले फारूक अब्दुल्ला

# राज्य का दर्जा हमारा अधिकार , कोई एहसान नहीं

एजेंसी



**अब्दुल्ला ने संवाददाताओं से कहा कि मैं कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे और कांग्रेस नेता राहुल गांधी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष राज्य का दर्जा देने का मुद्दा उठाने के लिए बधाई देना चाहता हूँ।**

नयी दिल्ली। 21 जुलाई से संसद का मानसून सत्र शुरू होने के साथ ही, नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की अपनी मांग तेज कर दी है। नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने जहाँ राज्य का दर्जा लोगों का वाजिब हक बताया है। वहीं, कांग्रेस केंद्र पर इस माँग को पूरा करने का दबाव बनाने के लिए श्रीनगर, जम्मू और दिल्ली में विरोध प्रदर्शन की तैयारी कर रही है। अब्दुल्ला ने संवाददाताओं से कहा कि मैं कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे और कांग्रेस नेता राहुल गांधी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष राज्य का दर्जा देने का मुद्दा उठाने के लिए बधाई देना चाहता हूँ। वह खड़गे और राहुल द्वारा प्रधानमंत्री को लिखे गए उस पत्र का ज़िक्र कर रहे थे जिसमें संसद के आगामी मानसून सत्र के दौरान जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग की गई थी। एक सवाल के जवाब में, अब्दुल्ला ने कहा कि जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा क्यों नहीं बहाल किया जा सकता। यह हमारा अधिकार है। यह कोई एहसान नहीं है। नेकां अध्यक्ष ने खुलासा किया कि 19 जुलाई की शाम को (इंडिया ब्लॉक) नेताओं की एक बैठक होगी और राज्य के मुद्दे पर चर्चा की जाएगी। नेशनल कॉन्फ्रेंस के एक अन्य वरिष्ठ नेता और मंत्री जावेद राणा ने कहा कि वे जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करना चाहते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने भारत सरकार को निर्देश दिया है कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री समेत देश के नेतृत्व ने चुनावों से पहले वादा किया था कि परिसीमन होगा, चुनाव होंगे और बाद में राज्य का दर्जा बहाल किया जाएगा। परिसीमन और विधानसभा चुनाव हो चुके हैं और अब उन्हें राज्य का दर्जा बहाल करना चाहिए।

डॉ. फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि जम्मू-कश्मीर को राज्य के दर्जे से वंचित कर, इसे एक केंद्र शासित प्रदेश बनाकर, केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर और इसकी जनता को उसके एक लोकतांत्रिक व संवैधानिक अधिकार से वंचित कर रखा है। इससे अंततः लोकतंत्र को ही नुकसान हो रहा है और लोगों में गुस्सा पैदा होगा। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर को जल्द से जल्द राज्य का दर्जा मिलना चाहिए। केंद्र सरकार को, प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को जनता के साथ किए अपने वादे को पूरा करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा लौटाना न सिर्फ राजनीतिक रूप से जरूरी है बल्कि यह एक नैतिक जिम्मेदारी भी है, जिसे जल्द पूरा किया जाना चाहिए।

# प्रशासन को जिम्मेदारी लेनी होगी...

**बिहार में कानून व्यवस्था की स्थिति पर बोले चिराग पासवान**



चिराग पासवान ने आगे कहा कि हकीकत यह है कि अगर एक भी घटना होती है तो प्रशासन को जिम्मेदारी लेनी होगी। एडीजी यह नहीं कह सकते कि बरसात से पहले ऐसी घटनाएं होती हैं। क्या आप किसानों पर इसका आरोप लगा रहे हैं?

एजेंसी

नयी दिल्ली। बिहार में कानून व्यवस्था की स्थिति पर केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने फिर से बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जब सौगात लेकर आ रहे हैं तो उनकी प्राथमिकताएं अलग हैं। वह बिहार को विकसित राज्य बनाने के विजन के साथ काम कर रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जहां तक कानून व्यवस्था की बात है तो सभी जानते हैं कि यह राज्य सरकार का मामला है। ऐसे में यह कहना उचित नहीं है कि प्रधानमंत्री चिंतित नहीं हैं। हाल के दिनों में जिस तरह से आपराधिक घटनाएं बढ़ी हैं, उसे देखते हुए जिस तरह से पारस अस्पताल में घुसकर हत्या हुई, उसे उचित नहीं ठहराया जा सकता। चिराग पासवान ने आगे कहा कि हकीकत यह है कि अगर एक भी घटना होती है तो प्रशासन को जिम्मेदारी लेनी होगी।

एडीजी यह नहीं कह सकते कि बरसात से पहले ऐसी घटनाएं होती हैं। क्या आप किसानों पर इसका आरोप लगा रहे हैं?... राज्य सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि बिहार के लोगों में सुरक्षा की भावना पैदा हो। इससे पहले चिराग पासवान ने गुरुवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात के कुछ घंटों बाद चुनावी राज्य बिहार में बिगड़ती कानून-व्यवस्था पर चिंता व्यक्त की।

## सम्पादकीय

### क्रिप्टोकरेंसी पर ध्यान देने का समय, भारत का भविष्य तय करेगा सरकार का नीतिगत कदम

डिजिटल परिसंपत्तियों की देशव्यापी स्वीकृति को बढ़ावा देने और इस क्षेत्र में वैश्विक नेता के रूप में उभरने के लिए भारत को कई प्रमुख क्षेत्रों में प्रयासों की आवश्यकता है। चर्चा पत्र की घोषणा उद्योग और अंतरराष्ट्रीय बाजार के लिए बड़ी उम्मीद लेकर आई है। इस पत्र के साथ कई बदलाव लाए जा सकते हैं खासकर कर कानूनों के क्रियान्वयन और सभी ट्रेडर्स की सुरक्षा सुनिश्चित करने वाले ढांचे की। भारत सरकार एक महत्वपूर्ण चर्चा पत्र जारी करने जा रही है, जो राष्ट्रीय क्रिप्टो नीति के लिए आधार तैयार कर सकता है। इससे इस क्षेत्र में आशा और घबराहट, दोनों तरह की भावनाएं पैदा हो रही हैं। इस बीच पारंपरिक संस्थान और नीति निमार्ता सतर्क, लेकिन आशावादी बने हुए हैं, जो इस क्षेत्र की अस्थिरता की ओर इशारा करता है। डेवलपर्स, फिनटेक इनोवेटर्स और डिजिटल की दुनिया के दिग्गजों के तेजी से बढ़ते समुदाय के साथ हमारे देश में इस वित्तीय व्यवस्था परिवर्तन का नेतृत्व करने के लिए संख्या-बल और प्रतिभा मौजूद है। वास्तव में 10 करोड़ से अधिक उपयोगकताओं के साथ भारत आज दुनिया के सबसे अधिक क्रिप्टो उपयोगकर्ता वाले देशों में से एक बन गया है। यही सबसे महत्वपूर्ण बात है। सरकार का कदम इसमें भूमिका निभाएगा कि दुनिया भारत को डिजिटल भविष्य में कैसे देखती है। विश्व में क्रिप्टोकरेंसी की लोकप्रियता और बढ़ने की उम्मीद है, क्योंकि हाल में अमेरिका ने जीनियस एक्ट बनाया है, जो स्टेबलकाइन के लिए पहला व्यापक संघीय ढांचा स्थापित करता है। यह कानून बैंकों, फिनटेक फर्मों और खुदरा विक्रेताओं के लिए स्टेबलकाइन जारी करने का मार्ग प्रशस्त करता है, जिससे बाजार का विस्तार संभावित रूप से दो लाख करोड़ डालर से अधिक हो सकता है। वैश्विक स्तर पर यह कानून विनियामक स्पष्टता के लिए मिसाल कायम करता है और दुनिया भर में और विशेष रूप से दक्षिण-पूर्व एशियाई बाजारों में इसी तरह के ढांचे को प्रेरित कर सकता है। दुनियाभर की सरकारें क्रिप्टो को अपना रही हैं और इस परिसंपत्ति वर्ग को विनियमित कर रही हैं। दक्षिण-पूर्व एशिया में यह प्रवृत्ति अब तेजी से मुख्यधारा में जगह बना रही है। पाकिस्तान ने अमेरिका की मदद से डिजिटल परिसंपत्तियों की निगरानी, विनियमन और व्यापार को सक्षम करने के लिए एक डिजिटल परिसंपत्ति प्राधिकरण आनन-फानन में बनाया है। सिंगापुर, थाइलैंड, वियतनाम और फिलीपींस जैसे देश भी नए, सहायक विनियमों और उनके बढ़ते डिजिटल बुनियादी ढांचे की घोषणा के साथ अपने बाजारों को नई संभावनाओं के लिए खोल रहे हैं। पश्चिमी जगत से समर्थन मिलने से यह क्षेत्र अब क्रिप्टो के लिए एक आकर्षण का केंद्र बन रहा है।

## आज का विचार







**मेष राशिः** करियरः दिनभर काम में व्यस्तता रहेगी, कार्यक्षेत्र में दौड़-भाग बढ़ेगी. बिजनेसः उधार दिया धन वापसी की संभावना, आय के नए स्रोत खुल सकते हैं. धनः खर्चों की अधिकता रहेगी, संतुलन बनाए रखें. शिक्षाः शिक्षा क्षेत्र में सफलता के संकेत हैं. लव/पारिवारिकः जीवनसाथी से कहासुनी हो सकती

**वृषभ राशिः** करियरः उलझनों के बावजूद काम पूरे होंगे, सीनियर का सहयोग मिलेगा. बिजनेसः भाईयों से सहयोग मिलने की संभावना है. धनः खर्चों में बढ़ोतरी हो सकती है, सतर्क रहें. शिक्षाः पढ़ाई में थोड़ी ढिलाई हो सकती है. लव/पारिवारिकः पूजा-पाठ से मानसिक शांति मिलेगी, परिवार का सहयोग रहेगा.

**मिथुन राशि :** करियरः जीवनसाथी की मदद से कोई बड़ा कार्य पूरा होगा. बिजनेसः शेयर व ट्रेडिंग में लाभ के योग हैं. धनः आय में बढ़ोतरी होगी. शिक्षाः सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी. लव/पारिवारिकः प्रेम जीवन में सामंजस्य रहेगा, सामाजिक गतिविधियों में भागीदारी. उपायः तुलसी को जल दें, माता-पिता का आशीर्वाद लें.

**कर्क राशिः** करियरः नई योजनाएं शुरू करने के लिए अनुकूल समय. बिजनेसः वाहन या संपत्ति खरीदने का योग. धनः आर्थिक स्थिति बेहतर होगी. शिक्षाः फोकस बनाकर रखें, मन भटक सकता है. लव/पारिवारिकः माता का आशीर्वाद मिलेगा, मन कुछ बातों से विचलित रहेगा. उपायः भगवान शिव को बिल्वपत्र अर्पित करें. लकी कलरः सफेद लकी नंबरः

**सिंह राशि :** करियरः साझेदारी में काम लाभदायक रहेगा. बिजनेसः बड़ी डील होने की संभावना है. धनः अप्रत्याशित लाभ हो सकता है. शिक्षाः छात्रों को मनचाही सफलता मिलेगी.लव/पारिवारिकः परिवार के साथ यात्रा संभव है, संबंध मजबूत होंगे.

**कन्या राशिः** करियरः कार्यक्षेत्र में मान-सम्मान मिलेगा, नए अवसर मिलेंगे. बिजनेसः ऑनलाइन व्यापार में प्रगति. धनः आमदनी में वृद्धि के संकेत हैं.शिक्षाः रुका हुआ काम पूर्ण होगा. लव/पारिवारिकः प्रेम संबंधों में समझदारी जरूरी, संतान की भावनाएं समझें. उपायः हनुमान जी को सिंदूर अर्पित करें.लकी कलरः भूरा लकी नंबरः 8 तुला राशि (छुः) करियरः परिश्रम का उत्तम फल मिलेगा. बिजनेसः नए क्लाइंट जुड़ सकते हैं, प्रगति होगी. धनः आय के स्रोत बढ़ेंगे. शिक्षाः प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता संभव.लव/पारिवारिकः रिश्ते मजबूत होंगे, प्रेमी से भावनात्मक जुड़ाव.

**वृश्चिक राशिः** करियरः काम का बोझ बढ़ेगा, धैर्य से कार्य करें. बिजनेसः नई शुरूआत के लिए अच्छा समय. धनः खर्चों पर नियंत्रण रखें. शिक्षाः ध्यान भटक सकता है, लापरवाही न करें. लव/पारिवारिकः जीवनसाथी से तनाव हो सकता है, संवाद जरूरी.

**धनु राशिः** करियरः करियर में सुधार होगा, पुराने कार्य पूरे होंगे. बिजनेसः व्यापारिक प्रतिस्पर्धा में जीत के योग. धनः धन निवेश फायदेमंद रहेगा. शिक्षाः आत्मविश्वास में वृद्धि होगी. लव/पारिवारिकः प्रेम जीवन में रोमांस, परिवार में खुशहाली. उपायः श्रीरामचरितमानस का पाठ करें.

**मकर राशि :** करियरः सामाजिक सम्मान मिलेगा. बिजनेसः नए प्रोजेक्ट्स में सफलता मिलेगी. धनः आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी. शिक्षाः प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता संभव. लव/पारिवारिकः रिश्तों में ईमानदारी बनाए रखें. उपायः शनिदेव को सरसों का तेल चढ़ाएं. लकी कलरः स्लेटी लकी नंबरः 10

**कुंभ राशिः** करियरः नए अवसर प्राप्त हो सकते हैं. बिजनेसः साझेदार के साथ यात्रा लाभकारी रहेगीधनः रुका हुआ धन मिल सकता है.

**मीन राशिः** करियरः चिंताओं से मुक्ति मिलेगी, काम में सफलता. बिजनेसः निवेश से लाभ संभव है, लेकिन विवाद से बचें. धनः बचत की ओर ध्यान देंगे. शिक्षाः मेहनत का फल मिलेगा. लव/पारिवारिकः पारिवारिक सौहार्द, प्रेम जीवन में सुधार. उपायः मंदिर में दूध-सेब का दान करें.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# भ्रम पैदा करती भाषा नीति, हिंदी का दोहरा अपमान और अंग्रेजी का बढ़ता वर्चस्व

> भारत में असली राजभाषा अंग्रेजी है। हिंदी को राजनीतिक कारणों से राजभाषा कहकर प्रपंच चलाया जा रहा है। यही मराठी तमिल या अन्य क्षेत्रीय नेताओं द्वारा हिंदी पर चोट करते रहने का भी कारण है। हिंदी का नाहक दोहरा अपमान होता है। इसकी तुलना में ब्रिटिश राज में भाषा-नीति अपेक्षाकृत पारदर्शी और यथार्थपरक थी। शासन की भाषा अंग्रेजी थी पर केवल अपने लिए। देश के वृहत शिक्षा-संस्कृति क्षेत्र स्वायत्त थे।

पा भारतीय बौद्धिक किसी भी मुद्दे पर लड़ते-उलझते रहने में मशगूल रहते हैं, उसके समाधान की चिंता से निर्लिप्त। कई मुद्दों पर वही तर्क-वितर्क दशकों से सुने जाते हैं, पर मुद्दे की स्थिति जस की तस या बिगड़ती जाती है। भाषा नीति इसका उदाहरण है। अभी अधिकांश विवाद ठाकरे बंधुओं की निंदा पर केंद्रित है। कुछ समय पहले तमिल नेता स्टालिन की फजीहत करने में ही ज्यादा ऊर्जा खर्च हुई थी, जबकि भारत की भाषा नीति विगत आठ दशकों में क्या बनी और क्या हुई, इस पर उदासीनता ही रही है। ठाकरे बंधु हाल में राजनीतिक मंच पर आए। उनका मात्र एक प्रदेश में थोड़ा प्रभाव है, किंतु इससे पहले क्या था? सच तो यह है कि स्वतंत्र भारत की भाषा नीति शुरू से बिन पतवार की नाव है। औपचारिक रूप से हिंदी राजभाषा है, पर व्यवहार में हर क्षेत्र में सिर्फ अंग्रेजी का स्थान बढ़ता गया। यह उन नीतियों का परिणाम है, जिन्हें किसी अहिंदी नेता ने नहीं बनाया। अंग्रेजी द्वारा हिंदी समेत सभी भारतीय भाषाओं का क्रमशः विस्थापन किसी तमिल या मराठी राजनीति की देन नहीं है, लेकिन इस पर कोई विचार नहीं कर रहा है। संविधान बनने के समय से ही उत्तर भारतीय, मुख्यतः हिंदी-भाषी नेताओं के निर्देशन में ही बहुत कुछ तय होता रहा है, पर उनके द्वारा बनी भाषा-नीति के नतीजों की कभी समीक्षा नहीं हुई कि वह किस उद्देश्य से बनी और परिणाम क्या हुए? भ्रामक भाषा नीति का दोष किसी एक नेता या दल को देना व्यर्थ है। संपूर्ण भारतीय नेतृत्व और बौद्धिक वर्ग



भाषा नीति पर भ्रम का कारण और शिकार, दोनों रहा। इसका निराकरण करने में असमर्थ और अनिच्छुक भी। आज देश के छोटे-छोटे कस्बों में भी देखा जा सकता है कि अग्रगामी शिक्षा, रोजगार और व्यापार की भाषा अंग्रेजी है। अंग्रेजी न जानने वाले भी कामकाजी और व्यवस्थापक हो सकते हैं, पर सीमित स्तर तक। जिसे अपनी बौद्धिक और रचनात्मक क्षमता बढ़ाने की इच्छा है, जो सहज मानवीय आकांक्षा है, वह बिना अंग्रेजी प्रवीणता के विफल रहेगा। यदि कोई भारतीय केवल अंग्रेजी जानता हो और किसी भारतीय भाषा में एक नोट भी लिख न लिख सकता हो, तब भी उसे आगे बढ़ने में कठिनाई नहीं होगी। ऐसा दुनिया के किसी अन्य महत्वपूर्ण देश में नहीं है। भारत में असली राजभाषा अंग्रेजी है। हिंदी को राजनीतिक कारणों से ह्यराजभाषाह्ण कहकर प्रपंच चलाया जा रहा है। यही मराठी, तमिल या अन्य क्षेत्रीय नेताओं द्वारा हिंदी पर चोट करते रहने का भी कारण है। हिंदी का नाहक दोहरा अपमान होता है। इसकी तुलना में ब्रिटिश राज में भाषा-नीति अपेक्षाकृत पारदर्शी और यथार्थपरक थी। शासन की भाषा अंग्रेजी थी, पर केवल अपने लिए। देश के वृहत शिक्षा-संस्कृति क्षेत्र स्वायत्त थे। उसमें शासकीय दखलंदाजी नहीं थी। हर विषय के विद्वान ही उसके शिक्षण-प्रशिक्षण की सामग्री और विधान तय करते थे। ब्रिटिश राज में साहित्यिक, सांस्कृतिक क्रियाकलापों का विकास सचमुच समाज का काम था, सरकार का नहीं। स्वतंत्र भारत में उस क्रियाकलाप का ह्रास आरंभ हो गया। यह ह्रास स्वतंत्र भारत की अपनी नीतियों से हुआ। आज भारत में हिंदी ऐसी पटरानी है, जिससे अन्य सभी रानियां खार खाती हैं और रोज जली-कटी सुनाती हैं। पटरानी असहाय यह सब झेलने को लाचार है। हिंदी को झूठे राजत्व की दोहरी प्रवंचना से मुक्ति देना अच्छा होगा। तब कालक्रम में वह अपना सही स्थान पा लेगी। तब उसे अन्य भारतीय भाषाओं के नेताओं, बौद्धिकों की नाहक कटूक्तियों से छुटकारा मिलेगा। फिर उसे पहले जैसा सद्भाव मिल जाएगा।

ब्रिटिश जमाने में हिंदी को राष्ट्रीय कामकाज की भाषा बनाने के सभी प्रयत्न अहिंदी नेताओं, ज्ञानियों ने किए थे। गांधीजी, राजगोपालाचारी, केएम मुंशी, टैगोर आदि महापुरुषों ने हिंदी की क्षमता और भूमिका पहचानी थी, किंतु यह तब था, जब देश में हिंदी वैसी ही एक भाषा थी, जैसी तमिल या तेलुगु थी। आज प्रशासन, शिक्षा और उद्योग व्यापार में अंग्रेजी की महत्ता वैसे भी अबाध बढ़ रही है। शंका हो तो 1963 और 1976 के राजभाषा कानून और नियम की तुलना करके देखें। फिर उसमें 1986, 2007 और 2011 में किए गए संशोधन भी। सभी दिखाते हैं कि स्वतंत्र भारत के सात दशक में अंग्रेजी और हिंदी में ऊंच और नीच की खाई लगातार बढ़ती गई है। आज हर कर्मचारी या छात्र जानता है कि किसी नियम, दस्तावेज, पुस्तक आदि को सही-सही जानना हो तो मूल अंग्रेजी वाली ही पढ़ना ठीक है। वरना ऊटपटांग या गड़बड़ अनुवाद से कुछ भी समझने, करने में व्यर्थ झमेला उठाना पड़ता है। सभी संकेत बताते हैं कि सारे अकादमिक कार्य, प्रकाशन, शोध आदि अंग्रेजी में होते हैं। चाहे उनका स्तर कामचलाऊ या लज्जाजनक क्यों न हो। हिंदी में अब कोई साहित्यिक पत्रिका तक नहीं, जिसे पूरे देश में जाना जाता हो। ऐसा पहले न था। ब्रिटिश काल और बाद में भी पूर्वगति के बल पर एक पीढ़ी तक राष्ट्रीय महत्व और प्रसार रखने वाली अनेकानेक हिंदी पत्रिकाएं थीं। अब सब बंद हो चुकी हैं। जबकि हिंदी भाषी जनसंख्या अधिक है, शिक्षितों की संख्या और उनकी आय, सबमें भारी वृद्धि हुई है। यह व्यापार-बाजार का सीधा सिद्धांत है: जिस चीज की मांग खत्म, उसका उत्पादन-व्यवसाय भी खत्म हो जाता है। अच्छा होगा कि केंद्र की राजभाषा नीति में ह्यआल्सो इंग्लिशह्ण को बदल कर ओनली इंग्लिश कर दिया जाए। इसके साथ ही सभी राज्य अपनी-अपनी भाषा में ही कार्य करने के लिए स्वतंत्र रहें। अन्य राज्यों तथा केंद्र से उनका व्यवहार भी स्वेच्छा और आपसी सुविधा से हो, किसी केंद्रीय नीति से नहीं। यह सब करना केवल उतना ही कष्टकर होगा, जितना किसी घाव की शल्य-चिकित्सा के समय होता है। रोगी को थोड़े समय कष्ट होता है, पर वह अंततः निरोग हो जाता है। इसी प्रकार यदि भारतीय भाषाओं की सच्ची चिंता है तो सभी राज्यों में अपनी-अपनी भाषा में काम करने का निश्चय करना होगा। इससे भाषा के नाम पर राजनीति और द्वेष खत्म होगा। तब सभी भाषाओं के प्रति सभी देशवासियों में समान अपनापे का भाव होगा। यही हमारी सांस्कृतिक एकता और सच्चा संघवाद भी होगा।

# क्या बिहार में सुशासन अब जंगलराज में बदल रहा है?

ललित गर्ग

बिहार में एक बार फिर कानून-व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। बेखौफ अपराधियों का आतंक, दिन-दहाड़े हत्याएं, लूट, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध यह संकेत दे रहे हैं कि ह्यसुशासन बाबूह्ण के नाम से मशहूर नीतीश कुमार का प्रशासन कहीं अपने वादों और आदर्शों से भटकता नजर आ रहा है। आगामी विधानसभा चुनाव की दस्तक के बीच आमजन में यह सवाल तेजी से उभर रहा है कि क्या बिहार में सुशासन अब फिर से जंगलराज में तब्दील हो रहा है? क्योंकि व्यापारियों, राजनेताओं, वकीलों, शिक्षकों और आम नागरिकों को निशाना बनाकर की गई लगातार हत्याओं ने बिहार की कानून-व्यवस्था को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं। पुलिस इन घटना के लिए अवैध हथियारों और गोला-बारूद की व्यापक उपलब्धता को जिम्मेदार ठहरा रही है, पुलिस के उच्च अधिकारियों के कुछ बेतूके बयान हास्यास्पद एवं शर्मनाक होने के साथ चिन्ताजनक है। उनके हिसाब से जून में ज्यादा वारदात होती हैं, क्योंकि मॉनसून आने के पहले तक किसान खाली बैठे होते हैं। राज्य की राजधानी पटना के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में दिनदहाड़े 5 शूटर्स ने जिस तरह एक गैंगस्टर की हत्या की, उससे यही लगता है कि कानून-व्यवस्था का डर खत्म हो चुका है। पिछले 10 दिनों में एक के बाद एक कई आपराधिक घटनाओं में व्यापारी गोपाल खेमका, भाजपा नेता सुरेंद्र कुमार, एक 60 वर्षीय महिला, एक दुकानदार, एक वकील और एक शिक्षक सहित कई हत्याओं ने चुनावी राज्य को हिलाकर रख दिया है।

बिहार में कानून और व्यवस्था की स्थिति को लेकर राजनीतिक घमासान चरम पर है। विपक्ष, खासकर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस, जहां नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार पर लगातार हमलावर



है, वही एनडीए इन मुद्दों पर जबावी एवं रक्षात्मक हमला करते हुए चुनाव पर इनके असर को बेअसर करने में जुटी है। लालू यादव के शासनकाल के ह्यजंगलराजह्ण की भी याद दिलाने की कोशिश एनडीए की पार्टियां कर रही है ताकि विपक्ष इन मामलों पर ज्यादा हावी ना हो। भाजपा के प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन का कहना है कि बिहार की जनता लालू राज में जो जंगलराज था, उसे भूली नहीं हैं। विपक्ष चाहे जो भी आरोप लगाए बिहार में आज सुशासन का राज है और जो घटनाएं हुई हैं वह योजनागत अपराध के तहत है, जिस पर सरकार कड़ी करवाई कर रही है।ह्ण हॉस्पिटल में जिसकी हत्या हुई, वह खुद हत्या के मामले में जेल में बंद था और फिलहाल पैरोल पर बाहर आया था। शुरूआती रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस वारदात में विरोधी गैंग शामिल हो सकता है। इसका मतलब कि राज्य में संगठित अपराध फिर सिर उठा रहा है। इसी महीने, 4 जुलाई को बिहार के बड़े व्यवसायी गोपाल खेमका की हत्या हुई थी और उसमें भी भाड़े के शूटर्स का इस्तेमाल किया गया था। ऐसी हत्याएं बार-बार हो रही हैं, यह सिलसिला कहीं रुकता नहीं दिख रहा।

पक्ष एवं विपक्ष के राजनीतिक दल एवं नेता चाहे जो बयान दें, लेकिन बिहार में अपराध तो बढ़ ही रहे हैं, आमजनता में भय एवं असुरक्षा व्याप्त है।। हाल ही में राजधानी पटना, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, और गया जैसे प्रमुख शहरों में हुई हत्या और डकैती की घटनाएं न केवल भयावह हैं, बल्कि यह भी दिखाती हैं कि अपराधी अब पुलिस और प्रशासन से नहीं डरते और पुलिस का अपराधियों पर नियंत्रण खत्म होता जा रहा है। सड़क पर चल रहे आम लोगों को दिनदहाड़े गोली मार दी जाती है, व्यापारियों से रंगदारी मांगी जाती है, महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटनाएं बढ़ रही हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े बताते हैं कि बिहार भले अपराध में कई दूसरे राज्यों से पीछे दिखता हो, लेकिन सच यही है कि आंकड़े पूरी कहानी नहीं बताते। राज्य में ये अपराध तब हो रहे हैं, जब पूरा फोकस क्राइम कंट्रोल पर है। बिहार में पिछले तीन वर्षों में अपराध दर में निरंतर वृद्धि हुई है। हत्या, बलात्कार, अपहरण, और लूट जैसे संगीन अपराधों में राज्य शीर्ष स्थानों में शामिल हो गया है। यह स्थिति न केवल चिंताजनक है, बल्कि चुनावी राजनीति में एक बड़ा मुद्दा बनकर उभर रही है।

एक समय था जब नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर उल्लेखनीय सुधार किए थे। लालू-राबड़ी शासन के समय जिसे जंगलराज कहा जाता था, उसके मुकाबले एक उम्मीद जगी थी कि बिहार अब विकास, सुरक्षा और शांति की राह पर है। लेकिन वर्तमान परिदृश्य में जनता फिर से असुरक्षा, भय और अराजकता के वातावरण में जीने को मजबूर है। इन स्थितियों में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि जब सरकार के पास प्रशासनिक अनुभव है, गठबंधन के रूप में राजनीतिक ताकत है, तो फिर अपराधियों पर लगाम क्यों नहीं लग पा रही है? बिहार में कानून एवं व्यवस्था के मुद्दे के साथ हमेशा राजनीति का पहलू जुड़ा रहा है। राज्य के लोगों के जहन में कई बुरी यादें हैं और राजनीतिक बाजीगरी में यह कोशिश होती है कि वे यादें कभी कमजोर न पड़ें। अभी तक इसका फायदा सीएम नीतीश कुमार को मिला है। नीतीश और भाजपा ने लालू-राबड़ी यादव के कार्यकाल को हमेशा ह्यजंगलराजह्ण के तौर पर पेश किया। लेकिन, अब वही सवाल पलट कर उनकी ओर आ रहे हैं, जो आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर चिन्ता एवं चेतावनी का सबब बनना ही चाहिए। बिहार की राजनीति में जातिगत समीकरण और गठबंधनों की जोड़तोड़ हमेशा से हावी रही है। लेकिन अब जो नया परिदृश्य बन रहा है, उसमें अपराध और अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण मिलने के आरोप भी आम हो गए हैं। हाल ही में कई मामलों में नेताओं और जनप्रतिनिधियों के आपराधिक तत्वों से संबंध उजागर हुए हैं। यह स्थिति न केवल लोकतंत्र के लिए खतरा है, बल्कि जनविश्वास की भी अवहेलना है। यदि अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण मिलेगा, तो फिर आम जनता के लिए न्याय और सुरक्षा केवल एक सपना बनकर रह जाएगा। हाल के अपराधों की घटनाओं ने विपक्ष को सरकार की नाकामी उजागर करने का मौका दिया है, जबकि भाजपा और जदयू रक्षात्मक रुख अपना रहे हैं और इन घटनाओं को योजनागत घटनाओं का नाम देकर राजद सरकार के समय की आपराधिक घटनाओं के साथ तुलना कर रहे हैं। मगर सूत्रों की माने तो पार्टी इस बात को लेकर तैयारी जरूर कर रही कि, यदि यह मुद्दा संसद के आगामी सत्र में विपक्ष उठाती है तो उस पर कैसे जवाब देना है? जिस बिहार के पूर्ववर्ती सरकारों के कानून एवं व्यवस्था की खराब स्थिति को मुख्य मुद्दा बनाकर एनडीए सरकार सत्ता में आई थी अब यही मुद्दा विपक्ष के हाथ लग गया है।

# जीवन दर्शन : संस्कृति, संस्कार की होली जलाती अंग्रेजियत

संजीव ठाकुर

अंग्रेजों के आने के पूर्व भारतीय संस्कृति धार्मिक, आध्यात्मिक, परंपरा वादी, भाग्यवादी रही है। अंग्रेजों के भारत आने के बाद और उनके संपर्क में रहने से भारतीय जीवन का स्वरूप काफी हद तक परिवर्तित एवं बदले हुए स्वरूप में आया था । धार्मिकता आध्यात्मिकता तथा त्याग व ममता को व्यापक भौतिकवादी दृष्टिकोण से काफी नुकसान पहुंचा है। पश्चात विचारधारा के संपर्क में आने से परंपराओं के प्रति मोह धीरे-धीरे कम होने लगा एवं नई वैज्ञानिक दृष्टिकोण वाली सोच के कारण भाग्य वाद के प्रति आस्था उत्पन्न होने लगी। इसके अतिरिक्त भारतीय दर्शन के आंतरिक गुणों आदर्श नैतिकता, बुद्धि आदि में भी आमूलचूल परिवर्तन हुए हैं। और इन घटकों पर नवीन शिक्षा पद्धति का व्यापक प्रभाव पड़ा है। अंग्रेज भारत को ऐसा वर्ग विशेष बनाना चाहते थे, जो जन्म और रंग से तो पूर्वी हों, पर अन्य सभी दृष्टिकोण से सब अंग्रेज बने रहें। भारत का उच्च वर्ग या अमीर तबका, राजा, महाराजा, नवाब धीरे-धीरे अंग्रेजी शिक्षा के गुलाम होते चले गए, और पाश्चात्य संस्कृति की ओर झुकते गए। भारतीय संस्कृति को विस्मृत करने में यही उच्च वर्ग या अमीर लोग काफी हद तक जिम्मेदार है। यह लोग अंग्रेजियत की नकल करने लगे, तथा भारतीय समाज धर्म दर्शन में इनकी कोई रूचि अविश्वास नहीं रहने लगा था। और इनकी नकल में इनके मातहत, सिपहसालार भी उसी रंग में डूबने लगे थे। धीरे धीरे पश्चिमी सभ्यता ने भारतीय संस्कृति पर अपना व्यापक प्रभाव डालना शुरू कर दिया था। पश्चिमी संस्कृति का वृहद अध्ययन करने वाले भारतीय विद्वानों ने पश्चिम की ओर इस अंधे आकर्षण का खुलकर विरोध भी किया था। इन्हीं विद्वानों ने भारतीय जनमानस को अपनी शक्ति और धर्म में विश्वास करने की प्रेरणा देकर उनका मार्गदर्शन किया था। तत्पश्चात भारतीय शोधकताओं ने पश्चिम सभ्यता तथा उसकी शिक्षा का व्यापक परीक्षण शुरू कर दिया था। और इन्हीं शोधकताओं और विद्वानों की अथक मेहनत से प्राचीन परंपराओं में सर्वश्रेष्ठ का चयन कर एवं पाश्चात्य दर्शन की श्रेष्ठ धारणाओं को मिलाकर एक नए दर्शन को समाज के सामने प्रस्तुत किया था। भारतीय विद्वानों, शोधकताओं एवं विचारकों ने प्राचीन भारतीय कुप्रथा जैसे छुआछूत, पर्दा प्रथा, बहु विवाह, बाल विवाह, देवदासी प्रथा एवं महिला शिक्षा, तथा निरक्षरता के विरोध में अभियान चलाकर सामाजिक चेतना का आह्वान किया था। पर पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में आकर भारतीय समाज में नैतिक विचारों में परिवर्तन की शुरूआत हुई। इस परिवर्तन के साथ भारतीय जनमानस के रहन-सहन खानपान, वेशभूषा, विवाह समारोह, आचार विचार, शिष्टाचार तथा व्यवहार में पाश्चात्य शिक्षा की झलक दिखाई देने लगी। जाति प्रथा के कठोर नियम ढीले पड़ने लगे। बाल विवाह प्रथा में बेहद कमी आने लगी। पश्चात दर्शन ने भारतीय संस्कृति में जीवंत एवं चरित्र को एक नया बदलाव दिया था। पाश्चात्य संस्कृति में धीरे-धीरे भारतीय रहन-सहन रीति-रिवाज प्रथाओं को प्रभावित किया। ड्रेसिंग सेंस, खान पान, बोलने चालने तथा अभिवादन के तरीकों में बड़े परिवर्तन हुए। वेस्टर्न पद्धति से संस्कृति शिक्षा विचारधाराओं ने भारत को दुनिया के राष्ट्रीय जीवन के संपर्क में ला खड़ा किया था। देश के अंदर विभिन्न अलग-अलग विचारधाराओं के समूहों को एक सांस्कृतिक समानता के मंच पर लाकर खड़ा किया। और इसी सांस्कृतिक समानता ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में एकता और राष्ट्रीयता की नई मिसाल स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए प्रदान की थी। विहंगम दृष्टिकोण से देखा जाए तो पाश्चात्य दर्शन ने भारतीय परंपरा रीति रिवाज में महत्वपूर्ण सुधार लाने की एक नई पहल की थी।

# जिन्हें हम लौह पुरुष मानते थे...

## मीरा भायंदर में सरदार पटेल पर राज ठाकरे का विवादित बयान, गुजरात में भड़का आक्रोश

**महाराष्ट्र नव निर्माण सेना (मनसे) के नेता राज ठाकरे द्वारा लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को लेकर विवादित टिप्पणी करने पर विवाद खड़ा हो गया है। मीरा भाईंदर की सभा में ठाकरे ने सरदार पटेल पर टिप्पणी की थी। जिसका गुजरात में विरोधी शुरू हो गया है।**



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अहमदाबाद/मुंबईः महाराष्ट्र में हिंदी-मराठी विवाद के मुद्दे पर मुखर मनसे चीफ राज ठाकरे के नए बयान से बड़ा सियासी विवाद खड़ा हो सकता है। मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने मीरा भायंदर की सभा में कहा था कि मुंबई को महाराष्ट्र से अलग करने का दावा कुछ गुजराती व्यापारियों और गुजराती नेताओं ने किया था। आचार्य अत्रे की किताब पढ़ते हुए मुझे यह जानकर आश्चर्य हुआ कि मुंबई को महाराष्ट्र को न दिए जाने का पहला बयान वल्लभभाई पटेल का ही था। वल्लभभाई ने कहा था कि मुंबई महाराष्ट्र को नहीं दी जाएगी। वल्लभभाई पटेल जिन्हें हम अब तक लौह पुरुष मानते थे। राज ठाकरे के बयान पर पाटीदार नेताओं ने पलटवार किया है। इसमें उन्होंने राज ठाकरे को चेतावनी भी दी है।सरदार पटेल-मोरारजी पर निशानाराज ठाकरे यहीं पर नहीं रुके। उन्होंने आगे कहा कि जब भी महाराष्ट्र में कोई आंदोलन हुआ। तो मोरारजी देसाई ने महाराष्ट्र में मराठी लोगों को गोली मारकर उनकी हत्या कर दी। ये लोग कई सालों से मुंबई पर नजर रखे हुए हैं। गौरतलब हो कि मोरारजी देसाई का जन्म वलसाड में हुआ था। वलसाड गुजरात का हिस्सा है। बॉम्बे स्टेट से महाराष्ट्र और गुजरात का बंटवारा भाषा के आधार पर हुआ था। इसके लिए बड़ा आंदोलन हुआ था। मीरा भाईंदर की सभा में दिया गया बयान सोशल मीडिया पर सुर्खियों में आ गया है।

# उन्होंने गिरगिट की तरह बदले रंग...फडणवीस-उद्धव की मुलाकात के बीच शिंदे ने 2019 का जिक्र करके रगड़ा नमक

**महाराष्ट्र में फडणवीस के ऑफर और फिर उनकी उद्धव से मुलाकात के बाद एकनाथ शिंदे ने बड़ हमला बोला है। एकनाथ शिंदे ने याद दिलाया है कि कैसे 2019 में उद्धव ठाकरे रंग बदल लिया था। शिंदे ने यह भी कहा कि वह किसी को छेड़ते नहीं हैं, अगर कोई छेड़ेगा तो छोड़ेंगे भी नहीं।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उद्धव ठाकरे के नजदीक आने की चचाओं के बीच शिवसेना प्रमुख और उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बड़ा हमला बोला है। शुक्रवार को शिंदे ने उद्धव ठाकरे पर चुन-चुनकर हमला बोला। शिंदे ने 2019 की घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने (उद्धव ठाकरे) ने गिरगिट की तरह रंग बदले। शिंदे ने यह हमला ऐसे वक्त पर बोला है जब एक दिन पूर्व ही फडणवीस और उद्धव ठाकरे मिले थे। एकनाथ शिंदे ने शुक्रवार को शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने 2019 में अपने सहयोगी (बीजेपी) को धोखा दिया था। शिंदे ने कहा उन्होंने फडणवीस को भी धोखा दिया। मेरी पहल पर मिला था मेयर का पदशिंदे ने ठाकरे का नाम लिए बिना कहा कि 2019 के विधानसभा चुनावों में अविभाजित शिवसेना और भाजपा के गठबंधन द्वारा बहुमत बरकरार रखने के बाद फडणवीस ने 40-50 कॉल किए थे। लेकिन शिंदे ने कहा कि भाजपा नेता के कॉल का (ठाकरे की ओर से) कोई जवाब नहीं आया था। शिंदे ने बीजेपी से गठबंधन तोड़ने के बाद ठाकरे द्वारा कांग्रेस से हाथ मिलाने की ओर इशारा करते हुए कहा कि महाराष्ट्र ने कभी किसी गिरगिट को इतनी तेजी से रंग बदलते नहीं देखा। वह उन लोगों के साथ चले गए जिन्हें वह कभी तुच्छ समझते थे। शिंदे ने कहा कि उनके अनुरोध के कारण ही फडणवीस 2017 में मुंबई के मेयर का पद शिवसेना को देने के लिए सहमत हुए थे। जब नगर निगम चुनावों में शिवसेना ने 84 और भाजपा ने 82 सीटें जीती थीं। शिंदे ने कहा कि इसके बाद भी उन्होंने (ठाकरे ने) 2019 में (गठबंधन से बाहर निकलकर) फडणवीस को धोखा दिया।

**मराठी सांस और हिंदुत्व जान है**

एकनाथ शिंदे ने यह भी दावा किया कि जब वह और उनका समर्थन करने वाले बागी शिवसेना विधायक 2022 में उद्धव ठाकरे के खिलाफ बगावत करने के बाद गुवाहाटी में डेरा डाले हुए थे, तब ठाकरे ने सुलह के लिए उनसे संपर्क किया और साथ ही दिल्ली में भाजपा नेतृत्व से कहा कि वह बागी समूह का समर्थन न करें। शिंदे ने आगे कहा कि मैं बालासाहेब ठाकरे और आनंद दिघे के संरक्षण में बना एक ईमानदार कार्यकर्ता हूं, मैं किसी को नहीं चिढ़ाता, लेकिन अगर वे मुझे चिढ़ाएंगे, तो मैं किसी को नहीं छोड़ूंगा। शिंदे ने आगे कहा कि मराठी लोग, मराठी भाषा हमारी सांस हैं और हिंदुत्व हमारी जान है। जैसे-जैसे नगर निगम चुनाव नजदीक आ रहे हैं, मराठी, महाराष्ट्र और मुंबई के तरह तरह की चीजें फैलाई जा रही हैं

फास्ट ट्रैक

# पश्चिम रेलवे मुंबई सेंट्रल इंदौर के बीच चलाएगी सुपरफास्ट तेजस स्पेशल ट्रेन

मुंबई, पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा विशेष रूप से यात्रा की मांग को ध्यान में रखते हुए मुंबई सेंट्रल और इंदौर स्टेशनों के बीच विशेष किराये पर सुपरफास्ट तेजस स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस स्पेशल ट्रेन का विवरण निम्नानुसार हैः-

ट्रेन संख्या 09085/09086 मुंबई सेंट्रल झ इंदौर सुपरफास्ट तेजस स्पेशल [34 फेरे]

ट्रेन संख्या 09085 मुंबई सेंट्रल झ इंदौर स्पेशल प्रत्येक सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को मुंबई सेंट्रल से 23.20 बजे प्रस्थान करेगी तथा अगले दिन 13.00 बजे इंदौर पहुंचेगी। यह ट्रेन 23 जुलाई से 29 अगस्त, 2025 तक चलेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09086 इंदौर झ मुंबई सेंट्रल स्पेशल प्रत्येक मंगलवार, गुरुवार एवं शनिवार को इंदौर से 17.00 बजे प्रस्थान करेगी तथा अगले दिन 07.10 बजे मुंबई सेंट्रल पहुंचेगी। यह ट्रेन 24 जुलाई से 30 अगस्त, 2025 तक चलेगी।

यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरिवली, वापी, सूरत, वडोदरा, दाहोद, रतलाम तथा उज्जैन स्टेशनों पर रुकेगी।

इस ट्रेन में फर्स्ट एसी, एसी 2-टियर एवं एसी 3-टियर कोच होंगे।

ट्रेन संख्या 09085 एवं 09086 की बुकिंग दिनांक 21.07.2025 से सभी पी.आर.एस. काउंटरों एवं आई.आर.सी.टी.सी. वेबसाइट पर प्रारंभ होगी। ट्रेनों के ठहराव, समय और संरचना के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

# पश्चिम रेलवे ने बांद्रा रेलवे स्टेशन पर शुरू किया रेल कोच रेस्टोरेंट

## बांद्रा स्टेशन महोत्सव समारोह के अंतर्गत रेल कोच रेस्टोरेंट का भव्य उद्घाटन




भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

यात्रियों को बेहतर सुविधाएं एवं सुविधाजनक अनुभव प्रदान करने की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए, पश्चिम रेलवे के मुंबई सेंट्रल मंडल ने 19 जुलाई, 2025 को बांद्रा स्टेशन पर ₹रेल कोच रेस्टोरेंट₹ का शुभारंभ किया। इस रेस्टोरेंट का उद्घाटन माननीय केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री श्री रामदास आठवले तथा महाराष्ट्र राज्य के माननीय सूचना प्रौद्योगिकी एवं सांस्कृतिक कार्य मंत्री एड. आशीष शेलार के करकमलों द्वारा किया गया। यह रेस्टोरेंट बांद्रा स्टेशन महोत्सव के प्रमुख आकर्षणों में से एक है।यह नया रेल कोच रेस्टोरेंट पश्चिम रेलवे की यात्रियों को उत्कृष्ट सुविधाएं प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। एक निष्क्रिय रेल कोच को अत्याधुनिक एवं सुसज्जित वातानुकूलित रेस्टोरेंट में परिवर्तित कर इसे एक अनोखा रूप दिया गया है। यह पहल विरासत और आधुनिकता का सुंदर समावेश प्रस्तुत करती है, जिससे यात्रियों एवं आम जनता के लिए एक खास और आरामदायक भोजन अनुभव उपलब्ध हो सकेगा। यह रेस्टोरेंट 24७7 खुला रहेगा तथा इसमें शाकाहारी और मांसाहारी दोनों प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन परोसे जाएंगे, जो दैनिक यात्रियों, पर्यटकों एवं भोजन प्रेमियों की विविध पसंद को ध्यान में रखते हुए तैयार किए गए हैं। बांद्रा स्टेशन की इस नई सुविधा के साथ, पश्चिम रेलवे अपने यात्रियों के लिए रेलवे ढांचे को नए रूप में विकसित करते हुए लगातार आधुनिक और आकर्षक सुविधाएं प्रदान कर रहा है।

# कर्ज दूर करने को बेचने चला था किडनी, 2.95 लाख गंवा बैठा

**आर्थिक रूप से दिक्कत का सामना कर रहे 45 वर्षीय एक व्यक्ति ने किडनी बेचने के लिए गूगल में अस्पताल का नाम खोजा और साइबर धोखेबाजों के झांसे में आकर 2.95 लाख रुपये गंवा बैठा। मामला दहिसर पुलिस की है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः आर्थिक रूप से दिक्कत का सामना कर रहे 45 वर्षीय एक व्यक्ति ने किडनी बेचने के लिए गूगल में अस्पताल का नाम खोजा और साइबर धोखेबाजों के झांसे में आकर 2.95 लाख रुपये गंवा बैठा। ठगी का अहसास होने पर प्रशांत ने दहिसर पुलिस से संपर्क किया। सीनियर पीआई अशोक होनमाने ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पुलिस के अनुसार, प्रशांत नागवेकर अंधेरी स्थित एक निजी फर्म में काम करता है। दहिसर में वह मां, भाई, पत्नी और बेटे के साथ रहता है।

# 'जे भी राज ठाकरे संग गइल, ऊ खतमे होइल...'

## बीजेपी सांसद मनोज तिवारी का मनसे प्रमुख पर बड़ा हमला

**बीजेपी नेता मनोज तिवारी ने मीरा भायंदर में एक सभा में मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे की ओर से लगाए गए आरोपों की कड़ी आलोचना की। तिवारी ने आरोप लगाया कि राज ठाकरे का मराठी प्रेम केवल चुनावों के लिए है। मनोज तिवारी ने यह भी कहा कि राज ठाकरे राजनीति के कूड़ेदान में जा चुके हैं।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः मराठी और हिंदी के मुद्दे पर महाराष्ट्र में काफी विवाद छिड़ा हुआ है। मीरा-भायंदर में व्यापारियों के मार्च के बाद महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना अध्यक्ष राज ठाकरे ने एक बार फिर मराठी का मुद्दा उठाया और एक बैठक की। इस बैठक में उन्होंने सरकार पर निशाना साधा। राज ठाकरे ने कहा कि मुंबई को महाराष्ट्र से अलग करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुंबई के महत्व को कम करने की कोशिश की जा रही है। इस बीच अभिनेता और बीजेपी सांसद मनोज तिवारी ने मराठी के मुद्दे पर राज ठाकरे को खरी-खोटी सुनाई है। उन्होंने साफ कहा है कि जो भी राज ठाकरे के साथ जाएगा, वह खत्म हो जाएगा। मनोज तिवारी ने क्या कहा ?बीजेपी सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि राज ठाकरे के रवैये को समझिए। राज ठाकरे का हिंदी विरोध और मराठी प्रेम, ये सब मौसमी बातें हैं।

# ये अंदर की बात है...फडणवीस के ऑफर ऐसा क्यों बोले उद्धव ठाकर

मुंबईः महाराष्ट्र विधान परिषद में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शिवसेना यूबीटी के मुखिया उद्धव ठाकरे को सरकार में आने का ऑफर दिया था। तब राजनीतिक प्रेक्षकों ने फडणवीस की बात को दो तरीके से लिया था। कुछ ने कहा था कि फडणवीस ने दिल की बात कह दी।

पश्चिम रेलवे

क्रू लॉबी हेतु सीएमएस कियोस्क

वरि. डीएमएम/एमएमसीटी, द्वारा निविदा क्र. 81255790, दिनांक 14.07.2025 आमंत्रित की जाती है. **कार्य एवं स्थान** : सीआरआईएस विनिर्देशन पत्र क्र. 2007/सीआरआईएस/एनडीएलएस एचक्यू/सीएमएस/प्रोजेक्ट/रोलआउट-II/0030/पीटी-II दि. 26 जुलाई 2024 के अनुसार क्रू लॉबी हेतु सीएमएस कियोस्क. मात्रा – 37 नग. **कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 63,30,700/-, **ईएमडी** : रु. 1,26,610/-. **जमा करने की तिथि एवं समय** : 13.08.2025, 11.00 बजे तक. **खुलने की तिथि एवं समय** : 13.08.2025 को 11.00 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. 0411

Like us on : facebook.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे

विभिन्न कार्य

वरि. डीईएन (दक्षिण)/एमएमसीटी, मुंबई सेंट्रल, द्वारा **निविदा क्र. : बीसीटी/25-26/150, दि. 17.07.2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य एवं स्थान** : चर्चगेट – विरार अनुभाग : वरि. डीईएन (एस) अनुभाग अंतर्गत रेलवे हेतु रिसाइक्लिंग सुविधा के साथ व्हीकल माउंटेड उच्च क्षमता सक्शन सह जेट्टिंग मशीन के प्रयोग के जरिए भूमिगत स्टॉर्म वॉटर ड्रेन की सम्पूर्ण सफाई और डिसिल्टिंग. **कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 27,12,700/-, **ईएमडी** : रु. 54,200/-, **जमा करने की तिथि एवं समय** : 12.08.2025, 15.00 बजे तक, **खुलने की तिथि एवं समय** : 12.08.2025 को 15.30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. 0412

Like us on : facebook.com/WesternRly

# गांजा एमडी ड्रग्स रखने के मामले में तीन व्यक्ति गिरफ़्तार







भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

कल्याण - कल्याण में बिक्री के लिए मेफेडोन (एमडी) और 'गांजा' ड्रग्स रखने के आरोप में तीन व्यक्ति गिरफ़्तार किया गया है। कल्याण जोन 3 डीसीपी अतुल झेंडे एवं एसीपी कल्याणजी घेटे के मार्गदर्शन खड़कपाड़ा पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक डॉ अमरनाथ वाघमोड़े एवं बाजार पेठ पुलिस स्टेशन के निरीक्षक बालासाहेब डुकाले और डीसीपी स्क्वाड विशेष कार्रवाई टीम ने अवैध ड्रग्स बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की है। शुक्रवार जब विशेष कार्रवाई दल बाजारपेठ पुलिस स्टेशन ने फोर्टिस अस्पताल के सामने ए.पी.एम.सी. मार्केट के पीछे वाली सड़क पर गश्त कर रहा था, दो व्यक्तियों को मेफेड्रोन (एमडी) दवा बेचने के इरादे से पाया गया। पूछताछ में उनके पास से 110 ग्राम मेफेड्रोन (एमडी) कीमत 22 लाख रुपये की बरामद किया गया। आरोपी मोहम्मद कैफ मंसूर शेख, उम्र 24 वर्ष, निवासी बैलबाजार कल्याण और फरदीन आसिफ शेख, उम्र 24 वर्ष, निवासी ड्रीम कॉम्प्लेक्स, कोनगांव भिवंडी को हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस ने एनडीपीएस की धारा के तहत मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच जारी है। वही खड़कपाड़ा ने गुरुवार को रवि शिवाजी गवली, उम्र 30 वर्ष, निवासी खड़कपाड़ा कल्याण पश्चिम उसके पास से 1120 ग्राम गांजा कीमती लगभग रु. 25,000/- बिक्री के इरादे से बरामद हुआ। आरोपी के विरुद्ध खड़कपाड़ा के तहत मामला दर्ज किया गया है। आगे की जांच जारी है।

# चुनाव आयोग एक 'पत्थर' है, सिंदूर...

मुंबईः महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने शिवसेना यूबीटी के मुखपत्र सामना को दिए एक इंटरव्यू में चुनाव आयोग के साथ बीजेपी पर बड़ा हमला बोला है। उद्धव ठाकरे ने इस इंटरव्यू में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तारीफ की। उद्धव ठाकरे ने संजय राउत से बातचीत मेंकहा कि चुनाव आयोग एक 'पत्थर' है। उस पत्थर पर सिंदूर लगा देने मात्र से उसे 'शिवसेना' नाम और धनुष-बाण चिह्न किसी और को देने का अधिकार नहीं मिल जाता।

पश्चिम रेलवे

सीओपी के जीर्णशीर्ण स्ट्रक्चर स्टील का सुधार

मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, 6ठी मंजिल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400 008 द्वारा **ई-निविदा सूचना क्र. : बीसीटी/25-26/148, दिनांक : 15.07.2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य एवं स्थान** : मुंबई सेंट्रल – मुख्य स्टेशन पर दिव्यांगजन सुविधाओं और सीओपी के जीर्णशीर्ण स्ट्रक्चर स्टील का सुधार. **कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 33839114.60. **ईएमडी** : रु. 319200/-. **जमा करने की तिथि एवं समय** : 12.08.2025, 15.00 बजे. **खुलने की तिथि एवं समय** : 12.08.2025 को 15.30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. मैन्युअल प्रस्तावों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा. 0410

Like us on : facebook.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे

सिग्नलिंग कार्य

वरि. डीएसटीई/उत्तर/मुंबई सेंट्रल, 2री मंजिल, मंडल रेलवे प्रबंधक का कार्यालय, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400 008 द्वारा **निविदा क्र. : एसजी-216-2-133-डब्ल्यूए, दिनांक : 15.07.2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य एवं स्थान** : (i) रेलवे अस्पताल (वलसाड) में सुधार, (ii) इलेक्ट्रिक लोको शेड (वलसाड) का ऑगमेंटेशन, (iii) कोचिंग डिपो (वलसाड), (iv) सार्वजनिक भवन/स्टेशन में दिव्यांगजन हेतु एक्सेसिबिलिटी सुविधा, शौचालय इत्यादि प्रदान करने के कार्य के संबंध में दूरसंचार सुविधाओं की आपूर्ति, अधिष्ठापन, परीक्षण एवं क्रियान्वयन. **कार्य की लागत** : रु. 5213847.53. **ईएमडी** : रु. 104300/-. **जमा करने की तिथि एवं समय** : 11.08.2025, 15.00 बजे तक, **खुलने की तिथि एवं समय** : 11.08.2025, 15.30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. 0409

Like us on : facebook.com/WesternRly

# प्रगति योजना के तहत सेवानिवृत एवं कार्यरत कर्मचारियों को लाभ

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क / अभय त्रिपाठी




कल्याण - तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के सेवानिवृत्त एवं कार्यरत कर्मचारियों को प्रगति योजना के तहत लाभ मिला। मनपा आयुक्त अभिनव गोयल के निर्देशानुसार, अतिरिक्त आयुक्त हर्षल गायकवाड़, सामान्य प्रशासन विभाग की उपायुक्त वंदना गुलवे के मार्गदर्शन में, सामान्य प्रशासन विभाग की सहायक आयुक्त सुषमा मांडगे के साथ-साथ अधीक्षक सुनील बागुल और उनकी टीम के अथक प्रयासों से पिछले कुछ दिनों में तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के 888 कर्मचारियों को आश्वासन प्रगति योजना का लाभ मिला है। शेष पात्र कर्मचारियों को भी जल्द ही यह लाभ मिलेगा। इस सुनिश्चित प्रगति योजना के लाभ के संबंध में कर्मचारियों द्वारा कई दिनों तक की गई अनुवर्ती कार्रवाई को ध्यान में रखते हुए, आयुक्त अभिनव गोयल ने सामान्य प्रशासन विभाग को इस योजना को जल्द से जल्द लागू करने के निर्देश दिए थे। उनके कर्मचारियों ने इस योजना का क्रियान्वयन शुरू कर कर्मचारियों की महत्वपूर्ण समस्या का समाधान कर दिया है। इससे कर्मचारियों में खुशी और संतुष्टि का माहौल बना है क्योंकि 95 तृतीय श्रेणी सेवानिवृत्त, 386 तृतीय श्रेणी कार्यरत कर्मचारी और 407 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों सहित लगभग 888 कर्मचारियों को सुनिश्चित प्रगति योजना का लाभ मिला है। इससे पहले 25 मार्च को क्लास-4 के 1934 कर्मचारियों को सुनिश्चित प्रगति योजना का लाभ दिया गया था।अगले चरण में, सुनिश्चित प्रगति योजना का लाभ श्रेणी द्वितीय और प्रथम श्रेणी के अधिकारियों को प्रदान किया जाएगा।

पश्चिम रेलवे

सामग्री प्रबंधन विभाग

विभिन्न सामग्री की आपूर्ति

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना क्र. : एस/45/2025, दिनांक : 15.07.2025

| अ. क्र. | आइटम का संक्षिप्त विवरण | मात्रा | टी.ओ.डी. |
|---|---|---|---|
| 381 | आवधिक ओवरहॉलिंग (पीओएच) किट | 35 सेट | 11-अगस्त-25 |
| 382 | कॉपर कैटनरी वायर 125 एमएम | 48 केएम | 12-अगस्त-25 |
| 383 | डब्ल्यूएपी7/डब्ल्यूएजी9 ट्रैक्शन मोटर्स हेतु लेबिरिंथ तथा बेयरिंग कैप (डीई) का सेट | 371 सेट | 12-अगस्त-25 |
| 384 | नॉन-एस्बेस्टॉस के टाइप कम्पोजिशन ब्रेक ब्लॉक | 137374 नग | 12-अगस्त-25 |
| 385 | क्लास ई हेतु नैरो जॉ एडाप्टर | 83026 नग | 12-अगस्त – 25 |
| 386 | पीवीसी फ्लोरिंग रोल 2x1850x14000एमएम | 4564 नग | 13-अगस्त-25 |
| 387 | हार्नेस्ड केबल का सेट | 80 सेट | 14-अगस्त-25 |
| 388 | मेन ट्रैक्शन ट्रांसफॉर्मर की आपूर्ति | 1 नग | 20-अगस्त -25 |
| 389 | सीसी पॉली यूरेथीन साइड बेयरर | 3894 नग | 15-सितंबर-25 |
| 390 | वाइड जॉ एडाप्टर | 8077 नग | 22-सितंबर-25 |

ईएमडी, क्रय प्रतिबंध तथा विस्तृत निविदा शर्तोंयुक्त विस्तृत निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** तथा **wr.indianrailways.gov.in** का अवलोकन करें. 0406

Like us on: facebook.com/WesternRly • Follow us on: X.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे की ओर से विभिन्न गंतव्यों हेतु गणपति उत्सव विशेष गाड़ियों का संचालन

| गाड़ी संख्या | आरंभिक स्टेशन एवं गंतव्य | सेवा की तिथि | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 09011 | मुंबई सेंट्रल – ठोकूर (साप्ताहिक) | 26.08.2025 तथा 02.09.2025 | 11.30 बजे (मंगलवार) | 08.50 बजे (अगले दिन) |
| 09012 | ठोकूर – मुंबई सेंट्रल (साप्ताहिक) | 27.08.2025 तथा 03.09.2025 | 11.00 बजे (बुधवार) | 07.15 बजे (अगले दिन) |
| **ठहराव** : बोरीवली, वसई रोड, भिवंडी रोड, पनवेल, पेण, रोहा, मानगांव, वीर, खेड, चिपलूण, संगमेश्वर रोड, रत्नागिरी, राजापुर रोड, वैभववाडी रोड, कणकवली, सिंधुदुर्ग, कुडाल, सावंतवाडी रोड, थिविम, करमाली, मडगांव, कारवार, गोकर्ण रोड, कुमटा, मुरडेश्वर, मूकांबिका रोड बिंदूर, कुंडापुरा, उडुपी, मुलकी और सुरथकल स्टेशन पर दोनों दिशाओं में. | | | | |
| **संयोजन** : एसी 2 – टीयर, एसी 3-टीयर, शयनयान श्रेणी और सामान्य द्वितीय श्रेणी कोचेस. | | | | |
| 09019 | मुंबई सेंट्रल – सावंतवाडी रोड (सप्ताह में 4 दिन) | 22.08.2025 से 07.09.2025 तक | 11.30 बजे (बुध, शुक्र, शनि और रवि) | 02.30 बजे (अगले दिन) |
| 09020 | सावंतवाडी रोड – मुंबई सेंट्रल (सप्ताह में 4 दिन) | 23.08.2025 से 08.09.2025 तक | 04.50 बजे (गुरु, शनि, रवि और सोम) | 20.10 बजे (उसी दिन) |
| 09012 | ठोकूर – मुंबई सेंट्रल (साप्ताहिक) | 27.08.2025 तथा 03.09.2025 | 11.00 बजे (बुधवार) | 07.15 बजे (अगले दिन) |
| **ठहराव** : बोरीवली, वसई रोड, भिवंडी रोड, पनवेल, पेण, रोहा, मानगांव, वीर, खेड, चिपलूण, सावरडा, अरवली रोड, संगमेश्वर रोड, रत्नागिरी, अडवली, विलावडे, राजापुर रोड, वैभववाडी रोड, नांदगांव रोड, कणकवली, सिंधुदुर्ग, कुडाल और झारप स्टेशन पर दोनों दिशाओं में. | | | | |
| **संयोजन** : एसी 2-टीयर, एसी 3-टीयर, शयनयान श्रेणी और सामान्य द्वितीय श्रेणी कोचेस. | | | | |
| 09015 | बांद्रा टर्मिनस – रत्नागिरी (साप्ताहिक) | 21.08.2025 से 04.09.2025 तक | 14.20 बजे (गुरुवार) | 00.30 बजे (अगले दिन) |
| 09016 | रत्नागिरी – बांद्रा टर्मिनस (साप्ताहिक) | 22.08.2025 से 05.09.2025 तक | 01.30 बजे (शुक्रवार) | 12.30 बजे (उसी दिन) |
| 09012 | ठोकूर – मुंबई सेंट्रल (साप्ताहिक) | 27.08.2025 तथा 03.09.2025 | 11.00 बजे (बुधवार) | 07.15 बजे (अगले दिन) |
| **ठहराव** : बोरीवली, वसई रोड, भिवंडी रोड, पनवेल, पेण, रोहा, मानगांव, वीर, करंजाडी, खेड, चिपलूण, सावरडा, अरवली रोड और संगमेश्वर रोड स्टेशन पर दोनों दिशाओं में. | | | | |
| **संयोजन** : द्वितीय श्रेणी सीटिंग और सामान्य द्वितीय श्रेणी कोचेस. | | | | |
| 09114 | वडोदरा – रत्नागिरी (साप्ताहिक) | 26.08.2025 तथा 02.09.2025 | 11.15 बजे (गुरुवार) | 00.30 बजे (अगले दिन) |
| 09113 | रत्नागिरी – वडोदरा (साप्ताहिक) | 27.08.2025 तथा 03.09.2025 | 01.30 बजे (बुधवार) | 17.30 बजे (उसी दिन) |
| 09012 | ठोकूर – मुंबई सेंट्रल (साप्ताहिक) | 27.08.2025 तथा 03.09.2025 | 11.00 बजे (बुधवार) | 07.15 बजे (अगले दिन) |
| **ठहराव** : भरूच, सूरत, वलसाड, वापी, पालघर, वसई रोड, भिवंडी रोड, पनवेल, पेण, रोहा, मानगांव, वीर, करंजाडी, खेड, चिपलूण, सावरडा, अरवली रोड और संगमेश्वर रोड स्टेशन पर दोनों दिशाओं में. | | | | |
| **संयोजन** : प्रथम एसी, एसी 2 – टीयर, एसी 3-टीयर इकॉनमी, शयनयान श्रेणी और सामान्य द्वितीय श्रेणी कोचेस. | | | | |
| 09110 | विश्वमित्री – रत्नागिरी (द्वि-साप्ताहिक) | 23.08.2025 से 06.09.2025 तक | 10.00 बजे (बुध तथा शनि) | 00.30 बजे (अगले दिन) |
| 09109 | रत्नागिरी – विश्वमित्री (द्वि-साप्ताहिक) | 24.08.2025 से 07.09.2025 तक | 01.30 बजे (गुरु तथा रवि) | 17.30 बजे (उसी दिन) |
| 09012 | ठोकूर – मुंबई सेंट्रल (साप्ताहिक) | 27.08.2025 तथा 03.09.2025 | 11.00 बजे (बुधवार) | 07.15 बजे (अगले दिन) |
| ठहराव : भरूच, सूरत, वलसाड, वापी, दहाणू रोड, पालघर, वसई रोड, भिवंडी रोड, पनवेल, पेण, रोहा, मानगांव, वीर, करंजाडी, खेड, चिपलूण, सावरडा, अरवली रोड और संगमेश्वर रोड स्टेशन पर दोनों दिशाओं में. | | | | |
| संयोजन : एसी 2 – टीयर, एसी 3 – टीयर, शयनयान श्रेणी और सामान्य द्वितीय श्रेणी कोचेस. | | | | |

ठहराव, संयोजन और समय-सारिणी के बारे में विस्तृत जानकारी के लिये यात्रीगण कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in का अवलोकन करें.

पीआरएस काउंटर्स पर और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर गाड़ी सं. **09011, 09019, 09015, 09114** तथा **09110** के लिए बुकिंग **23.07.2025** से शुरू होगी. उपरोक्त गाड़ियों को विशेष किराए पर विशेष गाडियों के तौर पर संचालित किया जाएगा.

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
Like us on: facebook.com/WesternRly
Follow us on: X.com/WesternRly

PLEASE CARRY ORIGINAL ID PROOF FOR ALL RESERVED TICKETS

# डीएवी पब्लिक स्कूल में स्कूल व बच्चों द्वारा निर्मित गार्डन का हुआ उद्घाटन



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , डीएवी पब्लिक स्कूल, ठाणे में स्कूल व बच्चों द्वारा निर्मित गार्डन का शिवशांति प्रतिष्ठान के संस्थापक एड विनय कुमार सिंह के हाथों उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्या सिमी जुनेजा उपस्थित थी। इस अवसर पर एड विनय कुमार सिंह ने स्कूल द्वारा विद्यार्थियों को पर्यावरण जैसे महत्वपूर्ण विषय को केवल सैद्धांतिक नहीं, बल्कि व्यवहारिक रूप में प्रस्तुत करने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को पर्यावरण का महत्व बताया और उसके संरक्षण के लिए कार्य करने का आग्रह किया। साथ ही हर्बल गार्डन और कंपोस्ट को बनाने की विधि बच्चों को समझाया ।कार्यक्रम की शुरूआत मान्यवरों के हाथों दिप प्रज्वलन के साथ किया गया। जिसके बाद विद्यार्थियों ने गार्डन में पौधरोपण किया। साथ ही विद्यार्थियों ने सभी को गार्डन में लगे पौधों की जानकारी दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्कूल के विद्यार्थी और शिक्षण गण उपस्थित थे।

# उपमुख्यमंत्री स्वस्थ महिला अभियान के लिए 5 करोड़ रुपये देंगे : एकनाथ शिंदे

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे ,उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने आज घोषणा की कि नगरीय विकास विभाग, ठाणे नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग को 5 करोड़ रुपये प्रदान करेगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उपमुख्यमंत्री स्वस्थ महिला अभियान के तहत महिलाओं की गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की जाँच शीघ्रता से हो सके ।ठाणे मनपा, रोटरी क्लब और आदित्य बिड़ला कैपिटल फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित 'उपमुख्यमंत्री स्वस्थ महिला' अभियान का शुभारंभ आज ठाणे के लोकमान्य नगर स्थित कोरस स्वास्थ्य केंद्र में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे द्वारा किया गया। इस अवसर पर ठाणे मनपा के अतिरिक्त आयुक्त संदीप मालवी, उपायुक्त उमेश बिरारी, डॉ. प्रसाद पाटिल, डॉ. कारखानिस, आदित्य बिड़ला



फाउंडेशन के पदाधिकारी और रोटरी क्लब के महाजन व उनके सभी सहयोगी उपस्थित थे। सर्वाइकल कैंसर दुनिया में दूसरी सबसे आम बीमारी है और इसका इलाज तभी संभव है जब इसका समय पर पता चल जाए। हमारे परिवार की महिला बहनों पर ध्यान देते हुए, वे अपने स्वास्थ्य की उपेक्षा करती हैं। इसलिए उपमुख्यमंत्री शिंदे ने अधिक से अधिक महिलाओं से इस शिविर का लाभ उठाने की अपील की यह अभियान मेरी प्यारी बहनों के लिए शुरू किया गया है। इस अवसर पर घोषणा की गई कि अगले तीन महीनों में इस अभियान के माध्यम से पाँच लाख महिलाओं की निःशुल्क चिकित्सा जाँच की जाएगी। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस शिविर में सर्वाइकल कैंसर, 9 से 14 वर्ष की लड़कियों के लिए एचपीवी वैक्सीन, मधुमेह और हीमोग्लोबिन जाँच के साथ-साथ महिलाओं की स्वस्थ और स्वच्छ जीवनशैली के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। इसके लिए यहाँ नवीनतम सोनोग्राफी मशीन और मैमोग्राफी वाहन तैयार रखा गया है। चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रसाद पाटिल ने बताया कि इस अभियान को उस माध्यम से प्रसिद्ध डॉक्टरों की मदद से क्रियान्वित किया जाएगा।

फास्ट ट्रैक

# बैंक से निकाले 50 हजार रुपए चोरी

## 83 दिन बाद भी एफआईआर नहीं, बाइक जब्त, आरोपी फरार

शाहजहांपुर, तिलहर कोतवाली क्षेत्र में एक ग्रामीण की मोटरसाइकिल की डिग्गी से 50 हजार रुपए की चोरी का मामला सामने आया है। खिरियामाल गांव के जगबीर सिंह ने बताया कि 28 अप्रैल 2025 को बैंक ऑफ बड़ौदा की तिलहर शाखा से पैसे निकालने के बाद वह अपने



पौत्र के लिए साइकिल खरीदने गए थे। भाटिया साइकिल स्टोर के पास सड़क की खुदाई चल रही थी, जहां उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल खड़ी की। इसी दौरान एक युवक ने उनकी बाइक की डिग्गी से थैला चुरा लिया। थैले में 50 हजार रुपए के अलावा बैंक पासबुक, चेकबुक, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, तीन श्रम कार्ड, आधार कार्ड और एक चांदी का सिक्का था। सीसीटीवी फुटेज में चोर को साफ देखा जा सकता है। घटना के 11 दिन बाद 8 मई को पीड़ित ने चोर को बैंक में देखा। चोर पकड़ो की आवाज सुनकर आरोपी अपनी मोटरसाइकिल छोड़कर भाग गया। जगबीर सिंह ने आरोपी की मोटरसाइकिल पुलिस को सौंप दी। पीड़ित ने 4 जून को पुलिस अधीक्षक और मुख्यमंत्री को भी शिकायत भेजी। लेकिन 83 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस ने न तो एफआईआर दर्ज की और न ही चोर को पकड़ा। जगबीर सिंह का आरोप है कि पुलिस दूसरी पार्टी से मिलीभगत कर रही है।

# तिलहर में वैकल्पिक मार्ग की मरम्मत शुरू

## रेलवे गेट बंद होने से परेशान लोगों को मिली राहत, किसान यूनियन के प्रयास सफल

शाहजहांपुर, तिलहर क्षेत्र में ओवरब्रिज निर्माण के कारण रेलवे गेट नंबर 334 को बंद कर दिया गया था। इससे क्षेत्र के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। भारतीय किसान यूनियन ने एसडीएम को ज्ञापन देकर वैकल्पिक मार्ग



गेट संख्या 335 की मरम्मत की मांग की थी। प्रशासन ने इस मांग को स्वीकार करते हुए मरम्मत कार्य शुरू कर दिया है। भारतीय किसान यूनियन युवक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष आदित्य सिंह लोधी ने बताया कि निगोही क्षेत्र के लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य जरूरतों के लिए तिलहर आना पड़ता है। बरसात के मौसम में वैकल्पिक मार्ग की आवश्यकता थी। संगठन ने मरम्मत कार्य में सहयोग के लिए दो ट्रैक्टर-ट्राली भी उपलब्ध कराए हैं। लोधी ने एसडीएम और स्थानीय प्रशासन का मरम्मत कार्य शुरू करने के लिए आभार व्यक्त किया है।

# कोपरी की अग्री-कोली महिलाओं का मछली बाजार का सपना होगा साकार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे ,वर्षों से मछली बेचने का व्यवसाय कर रही अग्री-कोली महिलाओं के लिए मछली बाजार का सपना साकार होने वाला है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने 2.5 करोड़ रुपये के विशेष कोष को मंजूरी दी है। जिससे एक मंजिला वातानुकूलित बाजार बनाया जाएगा। शिवसेना सांसद नरेश म्हस्के ने आज इस कार्य का भूमि पूजन किया। भाजपा के नगर सेवक भरत चव्हाण व भाजपा युवा मोर्चा के राज्य सचिव ओंकार चव्हाण ने इस अवसर पर उपस्थित थे। कोपरी स्थित मनपा का पुराना बाजार जीर्ण-शीर्ण अवस्था में था। इस कारण कई वर्षों से मछली बेच रही महिलाओं को मछली बेचने के लिए गर्मी और बारिश में भीगना पड़ता था। इसमें बड़ी संख्या में बुजुर्ग महिलाएं शामिल थीं। इसी बात को ध्यान में रखते हुए, भाजपा के पूर्व नगरसेवक भरत चव्हाण मनपा से मछली बाजार की इमारत बनवाने की मांग कर रहे थे। हालाँकि, उन्हें मनपा से धन नहीं मिल रहा था। उनकी मांग के अनुसार, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अंततः एक विशेष निधि से 2.5 करोड़ रुपये की निधि को मंजूरी दी। जिसके आज सांसद नरेश म्हस्के द्वारा मछली बाजार का भूमिपूजन समारोह उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में पूर्व नगरसेवक भरत चव्हाण, पूर्व नगरसेविका मालती पाटिल, प्रकाश कोटवानी, हेमंत पमनानी, रोहित गायकवाड़, भाजपा युवा मोर्चा के राज्य सचिव ओंकार चव्हाण, संतोष बोडके, प्रशांत पाटिल, शिवाजी रासकर, सुचित्रा भोईर, गणेश भोईर, दिनेश मामा, दिलीप पाटिल, गोकुल पाटिल, रीना मुदलियार और कोपरी के ग्रामीण उपस्थित थे। पूरा बाजार वातानुकूलित होगा, इसलिए बुजुर्ग महिलाएँ अपनी मछलियों की टोकरियाँ लिफ्ट के जरिए पहली मंज़िल तक ले जा सकेंगी। भरत चव्हाण ने खुशी जताई कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे द्वारा विशेष निधि स्वीकृत किए जाने से यह बाजार बन पाएगा। साथ ही, सांसद नरेश म्हस्के ने इस काम की तकनीकी समस्याओं को सुलझाने के लिए मनपा से लगातार संपर्क बनाए रखा था। भरत चव्हाण ने कहा कि भाजपा विधायक संजय केलकर, विधायक निरंजन डावखरे और ज़िला अध्यक्ष संदीप लेले का भी इसमें अहम योगदान रहा।

# उल्हासनगर के एस.एस.टी. कॉलेज में व्यसन मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया

## आई.आर.एस. अधिकारी समीर वानखेड़े मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

उल्हासनगर.शहर के प्रसिद्ध शिक्षाकेन्द्र एस.एस.टी.कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स में विद्यार्थियों और युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए व्यसन मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रसिद्ध आई.आर.एस. अधिकारी समीर वानखेड़े मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। व्यसन मुक्त भारत अभियान का उद्देश्य युवाओं को विभिन्न प्रकार के नशों से दूर रखकर एक आदर्श सभ्य नागरिक के रूप में जीवन जीने के लिए तैयार करना था। समीर वानखेड़े ने अपने संबोधन में युवाओं और उपस्थित सभी लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा एक सामाजिक अभिशाप है। यह समाज को खोखला और परिवार और व्यक्ति के स्वयं के जीवन को नाश करता है। व्यसन मुक्त भारत अभियान को आगे बढ़ाकर हम युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से बचाकर शिष्ट और बलिष्ठ भारत का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने युवाओं को आदर्श जीवनशैली अपनाने और जीवन के प्रति सकारात्मक रवैया रखने की बात कही। एस.एस.टी. कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पुरुस्वानी ने भी छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि व्यसन मुक्त भारत अभियान जैसे कार्यक्रम युवाओं में चेतना जागृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने नशे के विरुद्ध शपथ भी ली और विद्यार्थियों द्वारा नशे के विरुद्ध लगाए गए नारों और उदघोषों ने कार्यक्रम में ऊर्जा का संचार किया। कॉलेज के छात्रों, शिक्षकगणों, अभिभावकों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों आदि ने



कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया। कार्यक्रम में शहर के प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता कुमार मेघवानी, विक्की मेघवानी, एडवोकेट संस्कार शिंदे, वरिष्ठ पत्रकार दिनेश मीरचंदानी आदि उपस्थित रहे।

# 12 घंटे में किराना दुकान का चोर पकड़ा गया

- कलान में बीड़ी के गत्ते और 2000 रुपए बरामद, आरोपी को कोर्ट में पेश किया जाएगा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए किराना दुकान से चोरी के मामले को 12 घंटे के भीतर सुलझा लिया है। थाना कलान पुलिस ने आरोपी आस मोहम्मद को गिरफ्तार कर लिया है। जब अनिल कुमार की मैन रोड परौर तिराहे के पास स्थित किराना दुकान से रात में चोरी हुई थी। दुकान से बीड़ी के गत्ते और गुल्लक में रखे 3,000 रुपए चोरी हो गए थे। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने




आरोपी आस मोहम्मद को अरिल नदी के पुल के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी जलालाबाद के कोला गांव का रहने वाला है और उसकी उम्र 18 वर्ष है। उसके पास से चोरी किए गए दो बीड़ी के गत्ते और 2,000 रुपए बरामद हुए हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। आरोपी के खिलाफ धारा 331(4)/305 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपी को न्यायालय में पेश करेगी।

# सावन में हनुमान मंदिर पर विशेष आयोजन

## मिर्जापुर के बरियारपट्टी गांव में भक्तों ने की शिवचर्चा, भजन-कीर्तन में डूबे श्रद्धालु

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मिर्जापुर, सिटी ब्लॉक क्षेत्र के बरियारपट्टी गांव में सावन माह के शुभ अवसर पर विशेष धार्मिक आयोजन किया गया। स्थानीय हनुमान मंदिर में शिवचर्चा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर में एकत्रित हुए। भक्तों ने भगवान शिव की आराधना में भजन-



कीर्तन किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोग भगवान शिव की भक्ति में लीन रहे। सावन माह हिंदू धर्म में विशेष महत्व रखता है। यह माह भगवान शिव की आराधना के लिए सर्वाधिक उपयुक्त माना जाता है। इस दौरान विभिन्न मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान और कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।

# भूजल सप्ताह में विशेष पहल

- विंध्य वाटिका में 150 फलदार और छायादार पौधे लगाए गए, भूगर्भ जल विभाग के मंडलीय प्रभारी सहायक अभियंता रहे उपस्थित

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मिर्जापुर, भूजल सप्ताह के अंतर्गत विंध्य वाटिका में शनिवार को व्यापक पौधरोपण अभियान चलाया गया। विजयपुर पहाड़ी स्थित वाटिका में आंवला, आम, अमरूद, नीम और बरगद के 150 पौधे रोपे गए। भूगर्भ जल विभाग के मंडलीय प्रभारी सहायक अभियंता स्वप्निल कुमार राय ने इस अभियान का नेतृत्व किया। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण



और पर्यावरण संतुलन के लिए अधिकाधिक पौधरोपण आवश्यक है। 'एक पेड़ माँ के नाम' का नारा अब जनांदोलन बन रहा है। भूजल सप्ताह के दौरान विभिन्न ब्लाकों में कुल 1100 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम में गंगा वारियर्स सुवाष चंद्र ओझा, सहायक भू-भौतिकविद विक्रांत सिंह, तीर्थराज बिंद, गुलाब सिंह और सुनील सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# फुफेरे भाइयों में रुपये के विवाद पर ताबड़तोड़ फायरिंग

## शाहजहांपुर में एक युवक को कमर में लगी गोली, क्षेत्र में फैली दहशत

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, थाना सदर बाजार क्षेत्र में रुपये के लेनदेन को लेकर फुफेरे भाइयों के बीच फायरिंग की घटना सामने आई है। मोहल्ला मामूड़ी निवासी फैज और उसके फुफेरे भाई के बीच पैसों के विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। इसके बाद दोनों तरफ से कई राउंड




फायरिंग की गई। फायरिंग छत से और सड़क पर खड़े होकर की गई। इस दौरान एक युवक के कमर में गोली लग गई। घायल को तत्काल राजकीय मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। स्थानीय लोगों में गोलीबारी से दहशत का माहौल है। घटना के काफी देर बाद पुलिस मौके पर पहुंची। इस संबध में कई बार सदर बाजार इंस्पेक्टर अरविंद सिंह चौहान से फोन पर पुलिस का पक्ष जानने के लिए सीयूजी नंबर पर कॉल की लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नही की। सीओ सिटी पंकज पंत के अनुसार, पुलिस मामले की जांच कर रही है। तहरीर मिलते ही एफआईआर दर्ज की जाएगी।

# किसान गोष्ठी और पशु बाझपन शिविर

## 40 पशुओं का इलाज, पशुपालकों को दी दुग्ध उत्पादन और चारा प्रबंधन की जानकारी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मिर्जापुर, मिर्जापुर के विकासखंड कोन क्षेत्र के भोगांव गांव में गिर वाराणसी परियोजना के तहत किसान गोष्ठी और पशु बाझपन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पशुपालक अपने पशुओं के साथ पहुंचे। प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर डॉ. अनुपम श्रीवास्तव ने पशुपालकों को महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पशुओं का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण और टीकाकरण आवश्यक है। साथ ही चारा प्रबंधन और पोषण पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। डॉ. श्रीवास्तव ने कहा कि वैज्ञानिक विधियों से दुग्ध उत्पादन को बढ़ाकर पशुपालन को एक लाभकारी व्यवसाय बनाया जा सकता है। शिविर में उन्होंने करीब 40 पशुओं का इलाज किया। पशुपालकों ने चिकित्सकों से पशु स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न प्रश्न पूछे।




कार्यक्रम में डॉ. आर.बी. सिंह, शिवाजी सिंह, देवेंद्र कुमार, रवि रंजन सिंह और विश्वजीत पाठक समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# शाहजहांपुर में 67 अमान्य स्कूल बंद




- डीएम का सख्त एक्शन, दोबारा खोलने पर लगेगा एक लाख रुपये का जुमार्ना

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने कड़ी कार्रवाई की है। जिले में बिना मान्यता के चल रहे 67 विद्यालयों को बंद करा दिया गया है। जांच में पाया गया कि इन स्कूलों में पढ़ाने वाले अधिकतर शिक्षक अयोग्य थे और विद्यालयों की मान्यता नहीं थी। कुछ दिन पहले एडीएम अरविंद कुमार ने स्वयं छापेमारी कर कई ऐसे स्कूलों का खुलासा किया था। जहां कई शिक्षक ऐसे मिले जो इंटर पास थे, तो कहीं स्कूल का नाम ही नही मिला था और बच्चे शिक्षा ले रहे थे। डीएम प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए थे। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध स्कूलों की संख्या इस प्रकार है - निगोही में 7, मिजार्पुर में 6, भावलखेड़ा में 3, मदनापुर में 5, कटरा खुदागंज में 4, बंडा में 2, सिंधौली में 4, अल्हागंज में 13, कलान में 2, कांट में 6, जैतीपुर में 1, ददरौल में 2, खुटार में 3 और पुवायां में 9 स्कूल। इन स्कूलों को बंद कराया जा चुका है।

**भारत संवाद परिवार**

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त )
4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# चीन ने पहलगाम हमले की निंदा की

## कहा- हम हर तरह के आतंकवाद के विरोधी, आतंकी संगठन टीआरएफ और पाकिस्तान का नाम नहीं लिया

एजेंसी

बीजिंग, चीन ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने बीजिंग में शुक्रवार को एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि चीन हर तरह के आतंकवाद का सख्त विरोध करता है और 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करता है। उन्होंने आगे कहा, चीन सभी देशों से आतंकवाद के खिलाफ सहयोग बढ़ाने और क्षेत्रीय शांति व स्थिरता बनाए रखने की अपील करता है। चीन का यह बयान अमेरिका के पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठन द रेसिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) को विदेशी आतंकवादी संगठन घोषित किए जाने के बाद आया है। चीन ने पहलगाम हमले की निंदा तो की है, लेकिन अमेरिका की तरह न तो टीआरएफ का नाम लेकर उसकी आलोचना की और न ही टीआरएफ को सीधेतौर पर आतंकी संगठन कहा। टीआरएफ पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठन




लश्कर-ए-तैयबा का सहयोगी संगठन है। इसने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की जिम्मेदारी ली थी। इसमें 26 नागरिकों की मौत हुई थी। हमले के कुछ ही देर बाद टीआरएफ ने घटना की जिम्मेदारी ली थी और बयान जारी कर कहा था कि भारत सरकार कश्मीर में मुस्लिमों को बहुसंख्यक से अल्पसंख्यक बना रही है। हालांकि, 26 अप्रैल को टीआरएफ इससे मुकर गया था। संगठन के प्रवक्ता अहमद खालिद ने कहा था कि पहलगाम हमले के लिए टीआरएफ को जिम्मेदार ठहराना गलत है। खालिद ने कहा कि उनकी वेबसाइट को हैक कर लिया गया था। टीआरएफ मुख्य रूप से जम्मू-कश्मीर में सक्रिय है। यह अक्सर ऐसे लोगों को भर्ती करता है जो आम नागरिकों जैसे दिखते हैं, लेकिन गुप्त रूप से आतंकी गतिविधियों में शामिल होते हैं। इन्हें हाइब्रिड आतंकवादी कहा जाता है। भारत सरकार ने 5 जनवरी, 2023 को टीआरएफ को आतंकी संगठन घोषित किया था। जम्मू-कश्मीर के आतंकी संगठनों में द रजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) नया नाम है। 2019 में जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल-370 हटाए जाने के बाद यह अस्तित्व में आया। भारत सरकार भी मानती है कि ये लश्कर-ए-तैयबा का प्रॉक्सी आतंकी संगठन है।

ये आतंकी संगठन जवानों और आम नागरिकों की हत्या के अलावा सीमा पार से ड्रग्स और हथियार की तस्करी में शामिल रहा है। सुरक्षा मामलों के जानकार बताते हैं कि सीमा पार से आईएसआई हैंडलर्स ने ही लश्कर-ए-तैयबा की मदद से टीआरएफ को खड़ा किया। इससे पहले अमेरिका ने गुरुवार को पहलगाम आतंकी हमले की आलोचना की थी और इसकी जिम्मेदारी लेने वाले संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट को विदेशी आतंकवादी संगठन और विशेष रूप से नामित वैश्विक आतंकवादी की लिस्ट में डाल दिया था। इस सूची में पहले से ही पाकिस्तान के कई आतंकी संगठन जैसे लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद, जमात-उद-दावा और आतंकी सरगना हाफिज सईद व मसूद अजहर जैसे नाम शामिल हैं।

# लॉस एंजिलिस में कार सवार ने भीड़ पर गाड़ी चढ़ाई

## 28 घायल, 10 की हालत गंभीर; हादसे की वजह साफ नहीं

एजेंसी

वॉशिंगटन डीसी, अमेरिका के लॉस एंजिलिस में शनिवार को एक कार सवार में भीड़ पर गाड़ी चढ़ा दी। इस हादसे में 28 लोग घायल हो गए, जिनमें 10 की हालत गंभीर है। यह हादसा लोकल समयानुसार सुबह करीब 2 बजे वेस्ट सांता मोनिका बुलेवार्ड पर हुआ, जो एक म्यूजिक वेन्यू के पास है। लॉस एंजिलिस फायर डिपार्टमेंट (एलएएफडी) की टीम ने मीडिया को बताया कि घायलों को अस्पताल पहुंचाने का काम जारी है। अधिकारियों ने अभी तक वाहन या चालक की पहचान नहीं की है। यह भी




क्लियर नहीं है कि यह हादसा जानबूझकर किया गया या गलती से हुआ। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में घटनास्थल पर दर्जनों फायर फाइटर्स और पुलिसकर्मी दिखाई दे रहे हैं।

सड़क पर एक ग्रे रंग की कार डैमेज हालत में दिख रही है, जिसके आसपास मलबा बिखरा पड़ा है। हादसे के समय मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने बताया कि अचानक एक तेज रफ्तार गाड़ी भीड़ में घुसी, जिससे अफरा-तफरी मच गई। एलएएफडी और पुलिस ने इलाके को घेर लिया है और लोगों से वहां न आने की अपील की है। एक महिला ने मीडिया बताया कि उसने कार के भीड़ में घुसने से पहले गोली चलने की आवाज सुनी थी। उसने कहा कि ड्राइवर हादसे के बाद गाड़ी में ही था, बाद में सिक्योरिटी गार्ड्स ने उसे पकड़कर जमीन पर गिरा दिया। ब्रिटेन के लिवरपूल शहर में भी दो महीने पहले ऐसा ही हादसा हुआ था। तब एक शख्स ने कार से कई फुटबाल फैन्स को कुचल दिया था। हादसे में 47 लोग घायल हुए थे।

इनमें से 27 को हॉस्पिटल में भर्ती कराना पड़ा था। ये फैन्स लिवरपूल फुटबॉल क्लब की प्रीमियर लीग में जीत पर विक्ट्री परेड निकाल रहे थे। इस मामले में 53 साल के आरोपी को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने घटना में आतंकी हमले की आशंका से इनकार किया था।

# थाईलैंड में बौद्ध भिक्षुओं का सेक्स स्कैंडल उजागर

## एक महिला ने 80 हजार अश्लील फोटो-वीडियो के सहारे 100 करोड़ ठगे

एजेंसी

बैंकॉक, थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक के बौद्ध मठ से जुड़े सेक्स स्कैंडल का पदार्फाश हुआ है। इस खुलासे के वजह से 9 बौद्ध भिक्षुओं को मठ से निकाल गया है, जबकि 100 करोड़ रुपए से ज्यादा की उगाही का मामला सामने आया है। दरअसल, बैंकॉक में मौजूद एक बौद्ध मठ से जून की शुरूआत में सीनियर भिक्षु फ्रा थेप वचिरापामोक लापता हो गए। पुलिस मामले की छानबीन करती हुई 'मिस गोल्फ' नाम की एक महिला के घर पहुंची, जिसकी पहचान विलावन एम्सावत के रूप में हुई है। पुलिस ने जब विलावन के मोबाइल की जांच की तो उसमें महिला के 'फ्रा थेप वचिरापामोक'के अलावा अन्य भिक्षुओं के साथ करीब 80 हजार अश्लील फोटो और वीडियो मिले। पुलिस के मुताबिक, विलावन ने कम से कम नौ साधुओं के साथ यौन संबंध बनाए और उनसे पिछले तीन सालों में करीब 385 मिलियन बाट (करी 102 करोड़ रुपए) की उगाही की। इन भिक्षुओं को अब मंदिर से निकाल दिया गया है। विलावन एम्सावत को उगाही और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में गिरफ्तारी किया गया है। वो साधुओं प्यार के जाल में फंसाकर, उनके साथ अश्लील फोटो और वीडियो रिकॉर्ड कर लेती थी। इसके बाद इन्हें लीक करने




की धमकी देकर मोटी रकम वसूलती थी। विलावन ने दावा किया वह भिक्षु फ्रा थेप वचिरापामोक के बच्चे की मां है। उसने बच्चे की देखभाल के लिए ही 70 लाख बाट३ (लगभग 1.90 करोड़ रुपए) की मांग की थी। जांच में यह भी पता चला कि अन्य साधुओं ने भी विलावन को भारी रकम ट्रांसफर की थी, साथ ही उसे महंगे गिफ्ट्स जैसे मर्सिडीज-बेंज भी दिए थे। विलावन ने ज्यादातर पैसा ऑनलाइन जुए में खर्च कर दिया। हालांकि, गिरफ्तारी से पहले विलावन ने लोकल मीडिया से कहा कि उसका सिर्फ एक भिक्षु के साथ संबंध था और उसने उल्टा उस भिक्षु को पैसे दिए थे। इस मामले के सामने आने के बाद थाईलैंड के बौद्ध समुदाय में हंगामा मच गया है, क्योंकि यहां के भिक्षु ब्रह्मचर्य की कसम लेते हैं और दुनिया से दूरी बनाकर रखते हैं। थाईलैंड के कार्यवाहक प्रधानमंत्री ने भिक्षुओं के व्यवहार और मंदिरों की वित्तीय व्यवस्था से जुड़े कानूनों की समीक्षा का आदेश दिया है। साथ ही, थाईलैंड में बौद्ध धर्म की शीर्ष संस्था, सांघा सुप्रीम काउंसिल, ने नियमों की समीक्षा के लिए एक विशेष समिति बनाई है। वहीं अभी तक फ्रा थेप वचिरापामोक का कोई सुराग नहीं मिला है।

# ट्रम्प बोले- भारत-पाकिस्तान संघर्ष में 5 जेट गिरे

## किस देश के यह नहीं बताया; 24वीं बार कहा- जंग मैंने रुकवाई

एजेंसी

वॉशिंगटन डीसी, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर भारत-पाकिस्तान संघर्ष रुकवाने का दावा किया। साथ ही उन्होंने कहा- मुझे लगता है कि भारत-पाकिस्तान संघर्ष में सच में पांच जेट गिरे थे। हालांकि, उन्होंने यह साफ नहीं किया कि ये विमान किस देश के गिरे थे। ट्रम्प ने ये बात व्हाइट हाउस में रिपब्लिकन सांसदों के साथ डिनर के दौरान कही। ट्रम्प अब तक 24 बार भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर कराने की



बात कह चुके हैं। पहली बार ऐसा दावा उन्होंने 10 मई को सोशल मीडिया पर किया था। दरअसल, पाकिस्तान ने दावा किया था कि उसने लड़ाई में 5 भारतीय विमान मार गिराए थे। वहीं, भारत ने भी कहा था कि पाकिस्तान के कुछ विमान गिराए गए हैं। पाकिस्तान ने अपने किसी भी विमान के नुकसान से इनकार किया, लेकिन हवाई ठिकानों को निशाना बनाने की बात मानी थी। ट्रम्प बोले थे- हम संघर्षों को निपटाने में बहुत सफल रहे इससे पहले 14 जुलाई को ट्रम्प ने अपने इस दावे को दोहराया था कि उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले के बाद हाल ही में भारत-पाकिस्तान संघर्ष को बढ़ने से रोक दिया था। ट्रम्प ने ये टिप्पणियां नाटो के महासचिव मार्क रूट के साथ अपनी बैठक के दौरान कीं। ट्रम्प ने कहा, 'हम युद्ध को निपटाने में बहुत सफल रहे हैं।' उन्होंने व्यापार को लाभ के रूप में इस्तेमाल करने की अपनी रणनीति की ओर इशारा करते हुए कहा, 'हमने व्यापार के माध्यम से ऐसा किया। मैंने कहा था कि जब तक आप इस मामले को सुलझा नहीं लेते, हम आपसे व्यापार के बारे में बात नहीं करेंगे, और उन्होंने ऐसा किया।' भारत का दावा- पाकिस्तान के 6 फाइटर जेट तबाह हुए न्यूज एजेंसी एएनआई ने सरकारी सूत्रों के हवाले से दावा किया था की ऑपरेशन सिंदूर में इंडियन एयरफोर्स के हमले में पाकिस्तान के 6 फाइटर जेट, 3 एयरक्राफ्ट और 10 से ज्यादा ड्रोन और क्रूज मिसाइलें तबाह हुई थीं।

# मैंने हिंदी सिखा दी? राज ठाकरे के डुबो-डुबोकर मारेंगे वाले बयान पर निशिकांत दुबे ने ली चुटकी




**दुबे ने समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए अपने पहले के बयान का बचाव किया और कहा कि वह इसे वापस नहीं लेंगे। उन्होंने कहा कि मुझे गर्व है कि मेरी मातृभाषा हिंदी है।**

एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता निशिकांत दुबे ने महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे की 'डुबो-डुबो के मारेंगे' धमकी का जवाब दिया और पूछा कि क्या मैंने राज ठाकरे को हिंदी सिखा दी? ठाकरे ने शुक्रवार को दुबे की उस टिप्पणी का सार्वजनिक रूप से जवाब दिया, जिसमें भाजपा नेता ने कहा था, ₹पटक-पटक के मारेंगे।₹ उन्होंने अपनी ही चेतावनी देते हुए कहा, ₹तुम मुंबई आओ। मुंबई के समुंदर में डूबो-डूबो के मारेंगे।

दुबे ने समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए अपने पहले के बयान का बचाव किया और कहा कि वह इसे वापस नहीं लेंगे। उन्होंने कहा कि मुझे गर्व है कि मेरी मातृभाषा हिंदी है। राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे कोई महान राजा नहीं हैं। मैं एक सांसद हूँ और मैं कानून अपने हाथ में नहीं लेता। लेकिन वे जहाँ भी जाएँगे, लोग जवाब देंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अगर आप गरीबों को पीटेंगे, तो वे एक दिन बदला लेंगे। मनसे की पिछली कार्रवाइयों का ज़िक्र करते हुए दुबे ने कहा, ₹उन्होंने 1956 में गुजरातियों के खिलाफ, फिर दक्षिण भारतीयों के खिलाफ और अब हिंदी भाषियों के खिलाफ प्रदर्शन किया है। उनका इतिहास ऐसा है कि हर कोई उनसे नाराज है।₹'मराठी मानुस' के मुद्दे पर जोरदार रणनीति के लिए जाने जाने वाले ठाकरे, स्कूलों में कक्षा एक से तीसरी भाषा शुरू करने के भाजपा सरकार के फैसले, जिसे बाद में रद्द कर दिया गया, के विरोध में अपने चचेरे भाई और शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे के साथ फिर से जुड़ गए हैं। दुबे ने उन पर और हिंदी के खिलाफ अभियान पर हमला बोला था, जिसके तहत मुंबई में लोगों के साथ मारपीट की कुछ घटनाएँ हुईं, जब छोटे ठाकरे ने अपने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा था कि अगर वे अपने आंदोलन के दौरान किसी की पिटाई करने का फैसला करते हैं तो उसका वीडियो न बनाएँ।

# ऑपरेशन सिंदूर, ट्रम्प के दावों पर कांग्रेस के सवाल

## जयराम बोले- हमें संसद में पीएम से जवाब चाहिए, कोई सब्स्टीट्यूट बल्लेबाज नहीं चलेगा

**जयराम बोले- संसद में पीएम से ही जवाब चाहिए**

**'संसद शुरू होने वाली है और प्रधानमंत्री को अपनी चुप्पी तोड़नी चाहिए। कोई और नेता नहीं चलेगा। कांग्रेस और पूरा विपक्ष विशेष चर्चा की मांग करेगा और प्रधानमंत्री को जवाब देना चाहिए। हमें कोई सब्स्टीट्यूट बल्लेबाज नहीं चाहिए। केवल प्रधानमंत्री को ही जवाब देना होगा।' 'पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रम्प की लंबे समय से दोस्ती रही है। फिर चाहे सितंबर 2019 में हाउडी मोदी और फरवरी 2020 में नमस्ते ट्रम्प का आयोजन हो, दोनों का गले मिलने का रिश्ता रहा है। अब पीएम मोदी को संसद में खुद बयान देना होगा।'**



एजेंसी

नई दिल्ली , भारत-पाकिस्तान जंग पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दावों पर कांग्रेस ने शनिवार को केंद्र सरकार से 3 सवाल किए हैं। पहला- क्या ट्रम्प ने वाकई सीजफायर रुकवाई, वे इसका 24 बार जिक्र कर चुके हैं। दूसरा- क्या ट्रम्प ने व्यापार की धमकी देकर जंग रुकवाई, तीसरा- जंग में 5 लड़ाकू विमान किसके गिरे ।दरअसल, ट्रम्प ने शुक्रवार को व्हाइट हाउस में रिपब्लिकन सांसदों के साथ डिनर के दौरान दावा किया कि मुझे लगता है कि भारत-पाकिस्तान संघर्ष में सच में 5 जेट गिरे थे। हालांकि, उन्होंने यह साफ नहीं किया कि ये विमान किस देश के गिरे थे ।कांग्रेस ट्रम्प के इन्हीं दावों पर मानसून सत्र में केंद्र सरकार से जवाब चाहती है। मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू हो रहा है। इस मुद्दे पर हंगामे के आसार हैं। आप ने लिखा- मोदी ने भारत की गरिमा से समझौता किया 'प्रधानमंत्री जी, अब अपनी चुप्पी तोड़िए। ट्रम्प बार-बार इशारा कर रहे हैं कि व्यापार रोकने की धमकी के चलते प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की गरिमा से समझौता किया है, लेकिन 56 इंच के सीने का दावा करने वाले नरेंद्र मोदी के मुंह से एक भी शब्द नहीं निकला है।'

भारत-पाक संघर्ष विराम पर कांग्रेस पहले भी उठाती रही है सवाल

18 जूनः अमेरिका ने पाकिस्तान को आतंक के खिलाफ शानदार सहयोगी बताया जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर लिखा था कि अमेरिकी सेंट्रल कमांड के चीफ जनरल माइकल कुरिल्ला ने आतंक विरोधी अभियानों में पाकिस्तान को शानदार सहयोगी बताया। पाकिस्तान जिसने ओसामा बिन लादेन को शरण दी, वो शानदार सहयोगी कैसे बन सकता है? पाकिस्तान शानदार अपराधी है। अपराधी को सहयोगी कहना भारत के लिए झटका है ।6 जूनः ऑपरेशन सिंदूर क्या ट्रम्प के दबाव में रोका, ढट चुप क्यों हैं रमेश ने पूछा कि क्या ऑपरेशन सिंदूर को अमेरिका के दबाव में रोका गया? कांग्रेस सांसद ने सवाल किया कि प्रधानमंत्री इस मुद्दे पर चुप क्यों हैं? क्या अमेरिकी दबाव में भारत ने युद्ध रोका ताकि व्यापार समझौते हो सकें? उन्होंने कहा कि यह सवाल सैन्य नहीं, बल्कि राजनीतिक हैं।

# केजरीवाल को झटका, अनमोल गगन ने छेड़ी विधायकी, पालिटिक्स को कहा बॉय-बॉय - आप

**पंजाब में आप विधायक अनमोल गगन मान ने राजनीति छोड़ने का फैसला कर लिया. स्पीकर को लिखा है कि विधायक पद से इस्तीफा स्वीकार करें.**



एजेंसी

चंडीगढ़ः पंजाब में आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल को तगड़ा झटका लगा है. आप की विधायक अनमोल गगन मान ने इस्तीफा दे दिया है. पंजाब के खरड़ सीट से आम आदमी पार्टी की विधायक अनमोल गगन मान ने राजनीति को अलविदा कह दिया. उन्होंने अपने सोशल मीडिया पेज पर पोस्ट करके इस संबंध में जानकारी साझा की है. इसमें उन्होंने भारी मन से राजनीति को अलविदा कहा है. भारी मन से अलविदा कहाः राजनीति छोड़ने संबंधी एक पोस्ट शेयर करते हुए अनमोल गगन मान ने लिखा, ₹मेरा दिल भारी है, लेकिन मैंने राजनीति छोड़ने का फैसला कर लिया है. विधायक पद से लेकर अध्यक्ष पद तक मेरा इस्तीफा स्वीकार किया जाए। मेरी शुभकामनाएं पार्टी के साथ हैं. मुझे उम्मीद है कि पंजाब सरकार लोगों की उम्मीदों पर खरी उतरेगी.₹ इस्तीफे पर उठे कई सवालः आपको बता दें कि पंजाब सरकार की विधायक ने भले ही पद से इस्तीफा दे दिया है, लेकिन अभी तक उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं हुआ है. वहीं, उनके इस्तीफे के कारणों के बारे में अभी कोई जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन राजनीतिक गलियारों में कई तरह की चचाएं हैं. बयान के कारण चर्चाः गौरतलब है कि साल 2020 में राजनीति में कदम रखने वाली अनमोल गगन मान ने अपनी चुनावी रैली के दौरान एक बयान में कहा था, 'अगर लोग हमें वोट देंगे

# नीतीश कुमार को बदनाम करने की साजिश:गिरिराज सिंह

## बिहार में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर गिरिराज सिंह ने विपक्ष को घेरा

**केंद्रीय मंत्री सिंह ने एएनआई को बताया कि अपराधियों के साथ पहले भी समझौता हुआ था। उन्हें संरक्षण दिया गया था। हालाँकि, आज यह नहीं कहा जा सकता कि मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री सहित सरकार अपराधियों को बचा रही है। अपराधी पकड़े जा रहे हैं।**

एजेंसी

केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने शनिवार को बिहार सरकार और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर विपक्षी दलों द्वारा जताई गई चिंताओं के बीच, उन्हें बदनाम करने की साजिश का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अपराधियों को पहले संरक्षण दिया जाता था, लेकिन अब उन्हें पकड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि पारस अस्पताल गोलीबारी में शामिल लोगों को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा ।केंद्रीय मंत्री सिंह ने एएनआई को बताया कि अपराधियों के साथ




पहले भी समझौता हुआ था। उन्हें संरक्षण दिया गया था। हालाँकि, आज यह नहीं कहा जा सकता कि मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री सहित सरकार अपराधियों को बचा रही है। अपराधी पकड़े जा रहे हैं। पारस अस्पताल गोलीबारी में शामिल लोग भी पकड़े जाएँगे। हालाँकि, मैं पूछना चाहता हूँ कि ये अपराधी एक विशेष समुदाय से क्यों हैं? मैं बिहार सरकार को बदनाम करने की साजिश का आरोप लगाता हूँ ।उन्होंने बिहार में विपक्ष की आलोचना करते हुए कहा कि वे राज्य में रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए मुख्यमंत्री द्वारा किए गए प्रयासों को महत्व नहीं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पहले ही 10 लाख रोजगार पैदा कर चुकी है। सिंह ने कहा, ₹विपक्ष रोजगार के बारे में बात नहीं कर सकता। मुख्यमंत्री ने एक करोड़ नए रोजगार के अवसर पैदा करने की योजना की घोषणा की है। उनकी सरकार पहले ही 10 लाख रोजगार दे चुकी है। लड़कियों के स्कूल छोड़ने की दर में कमी आई है। महिलाओं को रोजगार मिल रहा है।₹ उनकी यह टिप्पणी विपक्ष द्वारा यह कहे जाने पर आई है कि प्रधानमंत्री मोदी ने कल अपने भाषण में बिहार की कानून-व्यवस्था की स्थिति पर कोई बात नहीं की।

## संक्षेप

### कूंडधाम से निकली कांवड़ यात्रा

**सुल्तानपुर के अलीगंज में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने की शिरकत**

सुलतानपुर, तहसील बल्दीराय क्षेत्र के ग्राम पंचायत बिसांवा में कूंडधाम अलीगंज से एक कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का नेतृत्व पिंटू मिश्र ने किया। इस धार्मिक यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। प्रमुख यात्रियों में राजेश जायसवाल, अनिल मौर्य, राजू मिश्र, रोहित दुबे, हरिकेश चौहान और मोनू पांडेय शामिल रहे। इसके अलावा अंकित, प्रदीप जायसवाल, शेरू गुप्ता, प्रदीप कसौंधन और रमेश कसौंधन भी यात्रा का हिस्सा बने। लंगड़ी बाजार स्थित नव दुर्गा जलपान गृह में कांवड़ यात्रियों का विशेष स्वागत किया गया। श्री पवन कुमार उपाध्याय (नादान सुल्तानपुरी) ने यात्रियों का स्वागत किया। इसके बाद बम भोले के जयकारों के साथ यात्रा आगे बढ़ी।

### पंच मुक्तेश्वर महादेव मंदिर में शिव महापुराण की कथा

**कथा व्यास जी ने संध्या प्रकरण का किया वर्णन**

सुलतानपुर, भवानीपुर स्थित पंच मुक्तेश्वर महादेव मंदिर में सावन मास के दसवें दिन शिव महापुराण की कथा का आयोजन हुआ। कथा व्यास संकठा प्रसाद भक्ति देव जी ने संध्या प्रकरण का वर्णन किया। ब्रह्मा जी ने अपने मानस पुत्र दक्ष को देवी परमेश्वरी का तप करने का आदेश दिया। यह आदेश शिव को नारी से संयुक्त करने के लिए था। दक्ष ने कठोर तप कर देवी को प्रसन्न किया। देवी ने प्रकट होकर दक्ष के यहां संतान रूप में जन्म लेने का वरदान दिया। इस तरह दक्ष की पत्नी के गर्भ से देवी सती का जन्म हुआ। सती को बचपन से ही भगवान शिव के प्रति अगाध प्रेम और श्रद्धा थी। सती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए घोर तप किया। शिव जी ने प्रसन्न होकर उन्हें पत्नी के रूप में स्वीकार किया। कैलाश में शिव जी ने सती को नवधा भक्ति का ज्ञान दिया।

### ब्राह्मण एकता परिषद की पहल

**वासूपुर प्राइमरी स्कूल में बच्चों को शैक्षिक सामग्री बांटी, पौधे लगाए**

सुलतानपुर, जयसिंहपुर ब्लॉक में अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। रविवार को वासूपुर प्राइमरी विद्यालय में सर्व शिक्षा अभियान को बढ़ावा देने के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को कॉपी, ड्राइंग सेट, चॉकलेट और केले वितरित किए गए। श्लोक प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इसमें तीन प्रतिभागी बच्चों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया। अतिथियों और परिषद पदाधिकारियों ने पौधे लगाए। साथ ही सभी को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का संदेश दिया।

# कार ने महिलाओं को रौंदा, 2 की मौत

**फुटपाथ पर सो रहीं थीं, 50 मीटर दूर जाकर पलटी कार; लोगों ने तोड़फोड़ की**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, फुटपाथ पर सो रहीं 3 महिलाओं को तेज रफ्तार वैगनआर कार ने रौंद दिया। इससे 2 महिलाओं की मौत हो गई। हादसे के बाद कार 50 मीटर दूर सड़क पर पलट गई। लोग मौके पर दौड़कर पहुंचे तो कार में सवार 4-5 लोग फरार हो गए। इसके बाद लोगों ने कार पर पथराव कर दिया। पत्थर से हमला कर शीशे तोड़ दिए। पुलिस ने गुस्साए लोगों को शांत कराया। एक घायल महिला का एसआरएन अस्पताल में इलाज चल रहा है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस कार के नंबर के जरिए आरोपियों की तलाश कर रही है। फुटपाथ पर सो रहीं थीं तीनों महिलाएं होईकोर्ट चौराहा के पास फुटपाथ पर मांडा के केनौरा गांव की रहने वाली चमेली देवी, यमुना नगर के कौधियारा थाना के गौरा की रहने वाली गुलाब देवी और श्रीदेवी सोमवार को फुटपाथ पर सो रही थीं। तेज रफ्तार कार फुटपाथ पर चढ़ गई। फिर तीनों को रौंदते हुए 50 मीटर आगे जाकर कार पलट गई। कार के पलटते ही कार सवार उतर कर फरार हो गए। मौके पर पहुंचे लोगों को पुलिस को सूचना दी। पुलिस घायल तीनों महिलाओं को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चमेली देवी को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जबकि गुलाब देवी ने शनिवार दोपहर उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। घायल श्रीदेवी का उपचार चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसे के समय कार की रफ्तार काफी तेज थी। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर भीड़ को शांत किया और कार को सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में खड़ा करा दिया। बेटे बोले- भीख मांग कर चला रहीं थीं घर अस्पताल पहुंचे राकेश ने बताया कि मेरी मां ?चमेली देवी हाईकोर्ट के पास रह कर भीख मांग कर अपन जीवन यापन कर रही थीं। मेरा परिवार बेहद गरीब है। वह गांव में रहकर लोगों के खेत मे मजदूरी करता है। उसकी मां चमेली देवी गांव से एक माह पहले प्रयागराज शहर आ गई थीं। पेट पालने के लिए वह यहां भीख मांग कर रहती थीं।

वह रात में सड़क किनारे फुटपाथ में सो जाती थीं। उनके साथ यमुना नगर के कौधियारा थाना के गौरा की रहने वाली गुलाब देवी और थीं। सुरेश बिंद ने बताया कि मेरी मां गुलाब देवी 5 दिन पहले शहर आई थीं। वह भी भीख मांग कर फुटपाथ पर सोया करती थीं। गरीबी के चलते भीख मांगना उनकी मजबूरी है। हमारे पास इतना रुपया नहीं है कि मां का अंतिम संस्कार कर सके। हमे सरकार से इंसाफ और मुआवजा चाहिए। घटना के बाद से कार सवार लोग मौके से फरार हैं।

# दिनदहाड़े गल्ला कारोबारी के घर लाखों की लूट

**ढाई लाख रुपए और 25 तोला सोना ले गए लुटेरे, बदमाशों ने मारपीट कर मुंह में दुपट्टा ठूस दिया**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, यमुना नगर के जारी बाजार मे गल्ला कारोबारी के घर मे घुस कर लूट के मामले मे पुलिस ने कार्यवाही शुरू कर दी है। थाना कौंधियारा पुलिस ने मामले मे पीड़ित पक्ष के बयान के आधार पर 2 संदिग्ध लोगो को हिरासत मे पूछ ताछ कर रही है। इंस्पेक्टर कौंधियारा के मुताबिक, पुलिस टीम वारदात को लेकर काम कर रही है। जल्द घटना का खुलासा किया जाएगा। जारी बाजार में बेखौफ बदमाशों ने दिनदहाड़े गल्ला कारोबारी की पत्नी को बंधक बनाकर लाखों रुपए की लूट कर ली थी। चाकू की नोक पर हुई वारदात में बदमाश लगभग ढाई लाख रुपए नगद और 25 तोला सोना ले गए हैं। गल्ला मण्डी जारी बाजार निवासी राज कुमार केसरवानी गल्ला कारोबारी हैं। हर दिन की तरह शुक्रवार सुबह भी वह घर से कुछ दूर स्थित दुकान पर चले गए। बच्चे भी स्कूल गए थे। घर में उनकी पत्नी राधा देवी अकेली थीं। लगभग 10 बजे वह स्नान कर घर के बाहर स्थित मंदिर में पूजा करने गई थीं। घर का मुख्य द्वार खुला हुआ था। इसी बीच दो बदमाश घर में घुस गए। कुछ देर बाद राधा देवी पूजा करके घर लौटीं तो बदमाशों ने चाकू दिखाकर उन्हें बंधक बना लिया। शोर मचाने की कोशिश पर बदमाशों ने मारपीट कर मुंह में उन्हीं का दुपट्टा ठूस दिया। बदमाशों ने उनका गला दबाने की कोशिश की जिससे वह डर गईं। इसके बाद बदमाश राधा को लेकर ऊपर के कमरे में गए और आलमारी का ताला खुलवाकर उसमें रखी नगदी और सोने के जेवरात लेकर घर से निकल गए। डरी-सहमी राधा ने बदमाशों के जाने के बाद शोर मचाया तो आसपास के लोग और पति राज कुमार घर पहुंचे। कमरे में सारा सामान बिखरा था, जिसे देखकर लग रहा था कि बदमाशों ने पूरे कमरे को खंगाला था। राज कुमार ने घटना की सूचना पुलिस को दी तो एसओ कौंधियारा फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने कमरे से साक्ष्य जुटाए। घटना के समय राज कुमार के घर के बाहर कुछ मजदूर लकड़ी का काम कर रहे थे। लेकिन बदमाशों ने सब कुछ इतनी सावधानी से किया कि उन्हें कुछ पता ही नहीं चला। बताया यह भी गया कि दो बाइक पर चार बदमाश आए थे। दो घर के भीतर गए थे और दो बाहर निगरानी कर रहे थे। लुटेरों का शिकार बने कारोबारी के मुताबिक बदमाश लगभग ढाई लाख रुपया नगद और 25 तोला सोने के जेवरात ले गए हैं। एसओ कौंधियारा कुलदीप शर्मा ने बताया कि मुकदमा दर्जकर लुटेरों की तलाश की जा रही है।

# जमीन विवाद में बुजुर्ग महिला की पिटाई

**अमेठी में पीड़िता की बहू ने समाधान दिवस में, सीओ से की शिकायत**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, महुअरिया गांव में जमीन विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। पुश्तैनी जमीन पर कब्जे के प्रयास को लेकर पड़ोसियों ने एक बुजुर्ग महिला की लाठी-डंडों से पिटाई कर दी। घटना 7 जुलाई 2025 को हुई। हमले में महिला का एक हाथ टूट गया। पीड़िता की बहू सरस्वती तिवारी ने बताया कि घेराव यादव के परिवार के लोग उनकी जमीन पर अवैध कब्जा करना चाहते थे। विरोध करने पर उन्होंने उनकी सास की पिटाई कर दी। पुलिस ने अब तक मामले की रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। सरस्वती तिवारी पिछले कई दिनों से थाने का चक्कर लगा रही थीं। शनिवार को अमेठी तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में उन्होंने सीओ से शिकायत की। सीओ मनोज कुमार मिश्र ने थाना प्रभारी रवि सिंह को मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। सीओ के अनुसार यह दो पक्षों के बीच का आपसी विवाद है।

# अंतिम संस्कार में आए हिस्ट्रीशीटर को मारी गोली

**सुलतानपुर में बाइक सवार 7 बदमाशों ने किया हमला**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, धोपाप घाट पर शनिवार को एक हिस्ट्रीशीटर पर बाइक सवार बदमाशों ने हमला किया। घटना कोतवाली लंभुआ क्षेत्र की है। शागढ़ कुटिया निवासी दीपक सोनकर अपने फूफा बाबूलाल के अंतिम संस्कार में शामिल होने आया था।

अंतिम संस्कार के बाद दीपक जब पेशाब करने किनारे गया, तब 6-7 बदमाशों ने उस पर हमला कर दिया। हमलावरों ने दीपक की बाईं जांघ में गोली मार दी। गोली की आवाज सुनकर जब रिश्तेदार मौके पर पहुंचे, तब तक हमलावर फरार हो चुके थे। घायल दीपक को पहले लंभुआ सीएचसी ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। इंस्पेक्टर लंभुआ अखिलेश सिंह के अनुसार हमला आपसी विवाद का नतीजा है। हमले में लंभुआ निवासी रतन सिंह और वैभव सिंह का नाम सामने आया है। पुलिस के मुताबिक घायल दीपक हिस्ट्रीशीटर है और उसकी हालत अब खतरे से बाहर है।

पहले भी दोनों पक्षों के बीच मारपीट की घटनाएं हो चुकी हैं। पुलिस ने कहा कि पीड़ित परिवार की शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# स्मैक तस्कर गिरफ्तार

**पुलिस ने 50 ग्राम स्मैक के साथ पकड़ा, मामला दर्ज**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी, पुलिस ने नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत एक स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया है। कमरौली थाना पुलिस ने संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान 50 ग्राम स्मैक के साथ एक व्यक्ति को पकड़ा। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गंगाराम (32) के रूप में हुई है। वह ग्राम तुंमंदर का पुरवा मजरे डंगी बरोसिया का रहने वाला है। क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के नेतृत्व में 19 जुलाई 2025 को यह कार्रवाई की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड भी है। इससे पहले थाना जगदीशपुर में भी उस पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तारी में थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार, उप निरीक्षक रघुवंश कुमार यादव और दो अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। इस कार्रवाई से क्षेत्र के लोगों में संतोष का माहौल है। नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत लगातार हो रही कार्रवाइयों से अपराधियों में डर का माहौल बना हुआ है।

# वकीलों का न्यायिक कार्य बहिष्कार

**लेखपाल द्वारा अभद्र व्यवहार का विरोध, वकीलों का अनिश्चितकालीन हड़ताल**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




अमेठी, तहसील तिलोई में एक लेखपाल द्वारा वकील के साथ किए गए अभद्र व्यवहार के विरोध में वकीलों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। तहसील में तैनात लेखपाल अखंड प्रताप सिंह ने अधिवक्ता पवन कुमार शुक्ला के साथ अभद्र व्यवहार किया था। अधिवक्ता की शिकायत पर तहसीलदार संगठन ने संज्ञान लिया। संगठन ने बैठक कर तहसील प्रशासन को 3 दिन की चेतावनी दी। लेखपाल को हटाने की मांग की गई थी। प्रशासन द्वारा कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं की गई। आक्रोशित वकीलों ने तहसील में धरना-प्रदर्शन किया। वकीलों ने नारेबाजी के साथ आर-पार की लड़ाई का ऐलान किया। इस विरोध के कारण न्यायिक कार्य पूरी तरह ठप रहा। वादकारियों को बिना काम के वापस लौटना पड़ा। वरिष्ठ अधिवक्ता विनोद कुमार मिश्रा ने कहा कि सभी वकील एकजुट होकर अपने साथी को न्याय दिलाएंगे। प्रदर्शन में महामंत्री सुरेंद्र शुक्ला, राम कृष्ण भारतीय, राम सिंह, संजय कुमार, गणेश शुक्ला समेत कई वकील मौजूद रहे। वकीलों ने चेतावनी दी है कि जब तक लेखपाल के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई नहीं होगी, न्यायिक कार्य का बहिष्कार जारी रहेगा। इस मामले में आज एक बैठक भी बुलाई गई है।

# नगर निगम की बोर्ड बैठक में हंगामा

**महिलाओं को पीछे बैठाने के मुद्दे पर सपा–भाजपा पार्षदों में टकराव, पहले बोलने को लेकर विवाद**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अलीगढ़, नगर निगम की बोर्ड बैठक में जमकर हंगामा हुआ। महिलाओं को पहले बोलने की बात को लेकर समाजवादी पार्टी और भाजपा के पार्षद आपस में भिड़ गए और नारेबाजी शुरू कर दी। पार्षदों ने सदन के अंदर जमकर पर्चे उड़ाए और एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाए। पार्षदों के हंगामे को देखते हुए सदन भी बीच में रोकना पड़ा। इस दौरान मेयर प्रशांत सिंघल और नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा पार्षदों को समझाते हुए नजर आ रहे थे। पार्षदों ने उनकी भी एक न सुनी और हंगामा करते रहे। लगभग आधे घंटे तक हंगामा चलने के बाद काफी मुश्किल से सदन की कार्यवाही को आगे बढ़ाया गया। नगर निगम की बोर्ड बैठक हैबिटेट सेंटर में हुई। मेयर प्रशांत सिंघल और नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा की अध्यक्षता में बैठक शुरू हुई। जिसमें पहले बोलने को लेकर विवाद शुरू हुआ। इसके बाद पार्षदों ने एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाए। सपा के पार्षदों का कहना था कि जब उन्होंने बोलने की कोशिश की तो भाजपा के पार्षदों ने उनके साथ अभद्रता की। गाली-गलौज करने के साथ ही जूते मारने की धमकी दी, जिसके कारण विवाद शुरू हुआ। अधिकारी काफी देर तक दोनों पक्षों को समझाते रहे, लेकिन दोनों पक्ष मानने को तैयार नहीं थे। इसके बाद सुरक्षा कर्मियों ने दोनों पक्षों को शांत कराया। सदन की बैठक के दौरान महिला पार्षद पीछे बैठी थीं। पुरुष पार्षद आगे बैठ गए थे। इस बात को लेकर भी विरोध शुरू हो गया और जमकर हंगामा किया गया। पार्षदों का कहना था कि भाजपा के मेयर के सामने ही महिलाओं का अपमान हो रहा है। महिलाओं को जानबूझकर पीछे बैठाया गया है। इसके अलावा उन्हें बोलने का भी मौका नहीं दिया जा रहा है। सपा और भाजपा के पार्षदों के बीच काफी देर तक टकराव की स्थिति बनी रही। सभी उन्हें समझाने का प्रयास करते रहे। लगभग दो घंटे तक चले हंगामे के बाद काफी मुश्किल से मामला शांत कराया जा सका।

# भवन निर्माण की उपविधि पर वर्कशॉप

**राज्य सरकार ने किया संशोधन, मथुरा में बिल्डर और आर्किटेक्ट के समझ रखे गए तकनीकी पहलु**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मथुरा, राज्य सरकार ने भवन निर्माण की उपविधि में व्यापक स्तर पर परिवर्तन किया है। इससे अब विकास प्राधिकरण से भवन निर्माण के लिए नक्शा की स्वीकृति की प्रकिया और सरल हो जाएगी। इसमें 100 वर्ग मीटर आवासीय और 30 वर्ग मीटर तक कॉमर्शियल प्लाट के लिए नक्शा स्वीकृति महज एक रुपए शुल्क पर रजिस्ट्रेशन के साथ ही मान्य हो जाएगा। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद कार्यालय सभागार में मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण द्वारा मॉडल भवन निर्माण एवं विकास उपविधि तथा मॉडल जोनिंग रेगुलेशंस 2025 पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष एसबी सिंह और सचिव अरविंद कुमार द्विवेदी, ओएसडी प्रसून द्विवेदी ने विप्रा बोर्ड के सदस्य भवन भूषण कमल, नवीन मित्तल, डीएन गौतम के साथ दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। वर्कशॉप में उपाध्यक्ष एस बी सिंह ने कहा कि कई राज्यों की निर्माण संबंधी उपविधि का अध्ययन करने के बाद यूपी में रेगुलेशंस 2025 को तैयार किया गया है।

इसके लिए लम्बे समय से मांग की जा रही थी। संशोधित उपविधि इस तरह सरल और सहूलियत पूर्ण है कि अब प्लाट स्वामी और आर्किटेक्ट को बेवजह भाग दौड़ करने की जरूरत नहीं होगी।

# कैंसर पीड़िता मां-किडनी मरीज बेटे को अस्पताल से जबरन निकाला

**सुल्तानपुर मेडिकल कॉलेज में सुरक्षाकर्मी पर अभद्रता का आरोप, बीच सड़क बैठकर हंगामा**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, राजकीय मेडिकल कॉलेज में कैंसर पीड़िता मां और किडनी मरीज नाबालिग बेटे से अभद्रता का मामला सामने आया है। बीमार मां का आरोप है कि पिछले 4 दिनों से मेडिकल कॉलेज की नर्सें और सुरक्षा कर्मी उनसे पैसे की मांग कर रहे हैं। पैसे न देने पर परेशान करते हैं। धमकाते हैं और मारपीट भी करते हैं। महिला ने बताया- बेटे को खाना खिलाने के बाद वह बेसिन के पास प्लेट धुल रही थी, तभी एक डॉक्टर और सुरक्षा कर्मी आए। सुरक्षाकर्मी ने चेहरे पर मुक्का मारा और कहा- तुम्हारे बाप का अस्पताल नहीं है। जाओ यहां से। इसके बाद महिला अस्पताल के सामने ही बीच रोड पर बेटे को लेकर बैठ गई।

# कम्पोजिट विद्यालय में सम्मान समारोह

**ब्लॉक प्रमुख ने किया बच्चों को सम्मानित, शौचालय और वाटर कूलर की घोषणा**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




अमेठी जिला, तिलोई-अमेठी के कम्पोजिट विद्यालय भेलाई कला में एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बैंक ऑफ बड़ौदा मोहनगंज के शाखा प्रबंधक अमित कुमार मिश्रा ने बच्चों को उपहार वितरण किया। समारोह के मुख्य अतिथि तिलोई के ब्लॉक प्रमुख कृष्ण कुमार सिंह 'मुन्ना सिंह' रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भेलाई कला के प्रधान मोहम्मद अशरफ ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन से हुआ। प्रधानाध्यापक धीरेंद्र प्रताप सिंह और शिक्षिकाओं ने अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। मुन्ना सिंह ने बच्चों को टिफिन बॉक्स और पेन बॉक्स देकर सम्मानित किया। उन्होंने विद्यालय की प्राकृतिक सुंदरता और बच्चों के अनुशासन की सराहना की। प्रधानाध्यापक की मांग पर उन्होंने विद्यालय में नया शौचालय और आरओ सहित वाटर कूलर लगवाने की घोषणा की। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख और बैंक प्रबंधक ने वृक्षारोपण भी किया। बैंक प्रबंधक अमित मिश्र ने बच्चों से पहाड़े सुने और उनकी प्रशंसा की। उन्होंने विद्यालय को इन्वर्टर से चलने वाले सीलिंग फैन देने का वादा किया।

स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी , एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग, कुर्ला (प) मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० –A–544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डीसी माहपे नवी मुंबई , ठाणे 400709 से मुद्रित। संपादक – अरविंद कुमार शर्मा

EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173

संपर्क का कार्यालय– 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001

संरक्षक– डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता– आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक– माता प्रसाद शर्मा, फिल्म– संपादक–जगन्नाथ तिवारी